## संक्षिप्त खबरें

### रंगारंग कार्यक्रम का भी किया आयोजन

दानापुर नगर के अंतर्गत सगुना मोड़ स्थित एक होटल में दानी डेवलपर के तीसरे वर्षगाँठ के मौके पर डायरेक्टर भोला दानी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दानी डेवलपर एक ऐसी निर्माण कंपनी है जो बोलती है वो करके दिखलाती है और इसका प्रमाण हम नहीं हमारे ग्राहक दे रहे हैं। इसी का नतीजा है ग्राहकों का विश्वास, जिसके कारण 2 साल के अंदर हमारे पास 18 प्रोजेक्ट आ चुका है।हमारे काम में कोई कोताही नहीं होती, कोई समझौता नहीं करते हैं और जो समय देते हैं उस तय समय से पहले हम काम पूरा करके देते हैं।हम ग्राहकों से परसेंटेज में पैसा नहीं लेते हैं, फेज वाइज पैसा लेते हैं। मतलब जितना काम करते हैं उतना तक का पैसा लेते हैं। ये काम पूरा टेस्ट जैसा है जबतक हम खाएंगे नहीं तबतक हमको स्वाद का पता नहीं चलेगा मतलब जबतक ग्राहक हमसे काम नही कराएंगे तबतक मेरे काम का पता नहीं चलेगा लेकिन हमारे काम का ही फल है कि ग्राहक दिन प्रतिदिन आ रहे हैं और हमलोगों को प्रोजेक्ट मिल रहा है।इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया और सभी ग्राहक मौजूद रहे।

### सेवादार कल्याण समिति ने संरक्षक पद से त्रिलोक सिंह को किया मुक्त

पटना सिटी, प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में कार्यरत ग्रंथी, रागी, सेवादार, सेवादारनी व कर्मचारियों के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सेवादार कल्याण समिति का गठन किया गया था। फिलहाल समिति दो भागों में बंटी हुई दिख रही है। वर्तमान कमेटी के पदाधिकारी का पिछले कुछ माह से लगातार वर्तमान समिति के पदाधिकारी के खिलाफ विवादित बयान दिया जा रहा था। स्थिति तब विकट हो गई, जब सेवादार कल्याण समिति के संरक्षक त्रिलोक सिंह निषाद ने परिसर से हट कर शिव मंदिर परिसर में रविवार को बैठक किया। सोशल मीडिया, विभिन्न अखबार और अन्य माध्यमों से खबर भी प्रकाशित हुई। इसके बाद सेवादार कल्याण समिति के पदाधिकारीगण सक्रिय हुए। पदाधिकारी की बैठक सोमवार को समिति के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह बंटी की अध्यक्षता में हुई। इसमें उनके अलावा वरीय उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, मिथिलेश सिंह, महासचिव अजायब सिंह, सचिव अवधेश सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह के अलावा पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह, बबलू कुमार, देवेंद्र सिंह आदि शामिल हुए। बैठक में कहा गया कि 14 जुलाई को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें त्रिलोक सिंह निषाद को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि करीब सौ सेवादारों का दस्तखत आप सब करा दें, ताकि अगली बैठक में वर्तमान सेवादार कल्याण समिति तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब को भंग कर दिया जाएगा। आपके इस बयान का समिति घोर निंदा करती है। आपकी जानकारी के लिए बताना जरूरी है कि समिति के अध्यक्ष का चुनाव सभी सेवादारों के द्वारा बहुमत से किया जाता है और अध्यक्ष के द्वारा ही समिति के संरक्षक और सदस्यों की नियुक्ति की जाती है। समिति का कार्यकाल तीन साल के लिए होता है। आपको सेवादार समाज कल्याण समिति भंग करने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही आपको कोई भी बयान देने से पहले समिति के समक्ष अपना पक्ष रखना चाहिए था।

# भारत में प्लास्टिक सर्जरी की जड़ें बिहार में है : डॉ वीणा

## बिहार आईएमए और बिहार झारखंड प्लास्टिक सर्जन एसोसिएशन ने मनाया जश्न

● विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर सीएमई का आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





पटना। विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर सोमवार को बिहार और झारखंड के प्लास्टिक सर्जनों ने पटना के बिहार आईएमए हॉल में प्लास्टिक सर्जरी-एक समस्या समाधान विशेषता पर एक सीएमई का आयोजन करके इस अवसर का जश्न मनाया। इस अवसर पर एम्स पटना में प्लास्टिक सर्जरी प्रमुख और बिहार झारखंड प्लास्टिक सर्जन एसोसिएशन के सचिव डॉ वीणा कुमारी सिंह ने बताया कि भारत में प्लास्टिक सर्जरी की जड़ें बिहार में हैं क्योंकि यह देश के 2 राज्यों दूसरा नागपुर, महाराष्ट्र है में से एक था जहां प्लास्टिक सर्जरी विभाग की स्थापना पटना मेडिकल कॉलेज में 1963 में स्वर्गीय डॉ आर एन सिन्हा द्वारा की गई थी। इसके बाद एम्स के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंसारुल हक और पटना के कंसल्टेंट प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रणव कुमार ने प्लास्टिक सर्जरी के पुनर्निर्माण और सौंदर्य क्षेत्रों में चुनौतीपूर्ण मामलों पर व्याख्यात्मक बातचीत की। मुख्य अतिथि, आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद ने प्लास्टिक सर्जनों को उनके असाधारण कार्य के लिए बधाई दी और बिहार के सभी जरूरतमंद रोगियों की देखभाल करने में सफलता की कामना की। विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के सम्मानित अतिथि आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कैप्टन डॉ विजय शंकर सिंह और पीएमसीएच के प्रिंसिपल, डॉ विद्यापति चौधरी और अन्य विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आईएमए डॉ सचानंद कुमार और पटना जर्नल ऑफ मेडिसिन के संपादक डॉ अजय कुमार, शामिल थे। समारोह में शहर के कई वरिष्ठ और सम्मानित प्लास्टिक सर्जन डॉ. संजीव रंजन सिंह, डॉ. बी के शर्मा, डॉ प्रियदर्शी रंजन, डॉ. रामपुकार चौधरी, डॉ के एम मिश्रा, डॉ संजय गुप्ता, डॉ. संजय कुमार, डॉ. सरसिज शर्मा, डॉ. कुलदीप और पीएमसीएच व एम्स के पीजी छात्र शामिल हुए। यह कार्यक्रम एम्स पटना के प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। गौर हो कि दुनिया भर में प्रतिवर्ष 15 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत पहली बार 2011 में भारत में एसोसिएशन ऑफ प्लास्टिक सर्जन ऑफ इंडिया द्वारा महर्षि सुश्रुत के योगदान को मनाने के लिए की गई थी, जिन्हें प्लास्टिक सर्जरी के पिता के रूप में जाना जाता है।

# वार्ड 62 के काली स्थान, रसूलपुर व अड्डा पर 100 से अधिक लोग डायरिया से पीड़ित

## दूषित पेयजल की आपूर्ति व गंदगी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम वार्ड नंबर 61 के रानीपुर के अनेक मुहल्ले विशेष कर काली स्थान, रसूलपुर एवं अड्डा पर दूषित पेयजल आपूर्ति, बजबजाते नाला एवं कचरा के अंबार के कारण डायरिया अपना पैर पसारता जा रहा है। मगर शासन प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है, जबकि 11 जुलाई के समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों से भी सभी को जानकारी मिल चुकी है। उपरोक्त समस्या के निदान एवं पीड़ित को समुचित चिकित्सा मुहैया कराने, व्याप्त गंदगी तथा दूषित पेयजल आपूर्ति को दूर करने को पीड़ित परिवारों, स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकताओं की बैठक रानीपुर में सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश कुमार राय की अध्यक्षता एवं शंकर सिंह के संचालन में सोमवार को हुआ। बैठक को सम्बोधित करते सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार विद्यार्थी, राजकुमार चौधरी, भाजपा नेता राजकुमार यादव, करण यादव, शंभू पासवान, संजीव यादव, राजद नेता प्रियरंजन राय उर्फ कारू, विकास कुमार, मंटू कुमार, मुन्ना गोप, सूरज यादव, फेकन चौधरी, शंभू सिंह, बसंत पंडित ने कहा कि आज यहां लगभग 60-70 घरों के सौ से डेढ़ सौ लोग डायरिया से पीड़ित हैं। शासन प्रशासन या निगम प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि कहां है? नेताओं ने तत्काल प्रभाव से पूरे रानीपुर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार करने और दूषित पेयजल आपूर्ति की अविलंब जांच कर उसके निराकरण की व्यवस्था युद्ध स्तर पर करने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक चिकित्सीय टीम तुरंत भेज कर पीड़ितों को चिकित्सा मुहैया कराए जाने की मांग करते हुए सरकार, जिला प्रशासन और निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 48 घंटे के अंदर पीड़ित क्षेत्र में उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

# गोली मार जख्मी करने में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

## दो मोबाइल झपटमार को छह घंटे में दबोचा गया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना की पुलिस ने फार्मासिस्टयूकल कॉलोनी में आनंद प्रताप को गोली मार जख्मी करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। चोरी की बाइक के साथ एक वाहन चोर पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गोली मार जख्मी करने के मामले में अथमलगोला थाना क्षेत्र के नेहालपुर गांव का रहने वाला रितेश कुमार और इसी थाना के जमालपुर गांव का रहने वाला गोलू उर्फ सेपू को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच के दौरान शीतला माता मंदिर व धनुकी मोड़ के पास से मालसलामी थाना क्षेत्र के मसूरगंज निवासी अंकित पटेल उर्फ अंकित कुमार भेना को पकड़ा गया है। उसे चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष के अलावा दारोगा अशोक कुमार झा, मनमानेह कुमार, मुकेश कुमार, सिपाही अजीत कुमार, राजीव कुमार, कुंदन कुमार व शिव प्रसन्न राय शामिल थे।

दो मोबाइल झपटमार धराया

सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने पत्थर की मस्जिद के रहने वाले मो आरिफ की बाइक सवार दो बदमाशों की गांधी चौक से खरीदारी कर लौट रहा था। वह हाथ में मोबाइल लेकर कान से सत बात करते जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने मोबाइल झपट्टा मार भागने में सफल रहा। थाना में मुक्त होगी के द्वारा मामला दर्ज कराए जाने के साथ ही पुलिस सक्रिय हुई। इस मामले में दो को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मंडई निवासी आफताब आलम के पुत्र हरीश और दरगाह रोड का रहने वाला सद्दाम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने झपटा गया मोबाइल बरामद करने के साथ ही घटना में इस्तेमाल बाइक को भी जब्त कर लिया है।

# मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा

पटना सिटी (प्राकि)। रोटरी क्लब ऑफ सिटी सम्राट के सदस्य रो सचिन एवं रो निशा के पिता स्वर्गीय सरयुग प्रसाद की स्मृति में अन्नापूर्णा भोज का आयोजन कराया गया। क्लब के अध्यक्ष देवराज बल्लभ और सचिव देवेश नवादिया के नेतृत्व में अगमकुआं स्थित सहारा वृद्धाश्रम में किया गया। नेक कार्य को आगे बढ़ाने में पूर्व अध्यक्ष रो गोविंद का योगदान सराहनीय रहा। रोटरी सम्राट के अध्यक्ष देवराज बल्लभ ने जरूरतमंदों से कहा है कि जब भी मौका मिलेगा, तो रोटरी पटना सिटी सम्राट हमेशा वृद्ध आश्रम के लोगों को सहायता प्रदान करता रहेगा। यह जानकारी अभिषेक पैट्रिक ने दी।

# शैक्षणिक गतिविधियां बढ़ा अपने कौशल को करें विकसित: डॉ पूनम

## नवागंतुक छात्राओं को कॉलेज की गतिविधियों से कराया अवगत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





आरपीएम कॉलेज ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत करते हुए नवागंतुक छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया। सोमवार को आयोजित आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई छात्राओं को कॉलेज की गतिविधियों, नियमों और पाठ्यक्रम की जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रोडॉ पूनम ने किया। उन्होंने छात्राओं का स्वागत किया और कॉलेज के इतिहास, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विभागाध्यक्षो ने भी अपने-अपने विभागों के बारे में जानकारी दी और छात्राओं को विभिन्न शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। प्राचार्या डॉ पूनम ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्राओं को कॉलेज के नियम, संसाधन और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी देता है, जिससे वे अपने शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों में संतुलन बना सकें। हम आप सबों को प्रोत्साहित करते हैं कि वह यहां दी जाने वाली हर अवसर का लाभ उठाएं और अपने कौशल को विकसित करें। आप सभी इस कॉलेज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हमें विश्वास है कि आप अपनी मेहनत और समर्पण से कॉलेज का नाम रोशन करेंगी। हम आपको हर संभव सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। कॉलेज की आइक्यूएसी समन्वयक प्रोडॉ रजिया नसरीन ने इंडक्शन मीट के दौरान कहा, हमारे कॉलेज का मुख्य उद्देश्य न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, बल्कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना है। इंडक्शन मीट का आयोजन नई छात्राओं को कॉलेज के वातावरण से परिचित कराने और उन्हें एक समृद्ध शैक्षणिक अनुभव प्रदान करने के लिए किया गया है। नवागंतुक छात्राओं ने इस आयोजन में बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और कॉलेज के वातावरण को समझने का प्रयास किया। इस तरह के कार्यक्रम से नई छात्राओं को कॉलेज में आत्मविश्वास और प्रेरणा मिलती है, जिससे वह अपने शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास की दिशा में सकारात्मक कदम उठा सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन आइक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ रजिया नसरीन एवं धन्यवाद ज्ञापन नैक को-ऑर्डिनेटर डॉ अंजू जैन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ किरण कुमारी, डॉ नीलम, डॉ नागेंद्र मिश्र, डॉ सुषमा, डॉ अंजू जैन, डॉ रजिया नसरीन, डॉ मनोज कुमार, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ सीमा कुमारी, डॉ ईना बहन, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ दशरथ मंडल, डॉ अमोल कुमार, डॉ नीना, डॉ मीनू मिंज, डॉ सत्येंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मालगाड़ी के नीचे से ट्रैक पार करने पर अधेड़ की कटने से मौत



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब स्टेशन के डाउन मेन लाइन में मालगाड़ी खड़ी थी। इसी दौरान एक अधेड़ उसके बीच से ट्रैक पार करने लगा, तभी मालगाड़ी खुल गई और उसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना पटना साहिब स्टेशन के पाया संख्या 534/6 के पास की है। घटना के बाबत बताया गया कि डाउन में लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। इसी दौरान एक अंधेड़ दो पहियों के बीच से ट्रैक पार करने लगा। इस दौरान मालगाड़ी के चालक को सिग्नल मिलने के बाद वह ट्रेन बढ़ा दिया। इससे उक्त अधेड़ चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना मिलने के बाद स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार ने जीआरपी को मेमो भेजा। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा की। इसके बाद शव को ट्रैक से हटाया गया, तब जाकर मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया जा सका। पटना साहिब जीआरपी थाना के प्रभार में रहे सअनि देवनंदन सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 55 से 60 वर्ष के बीच आंकी गई है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उसके कपड़े से भी कुछ ऐसा सामान नहीं मिल पाया है, जिससे उसकी पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों की भीड़ भी जुटी, मगर कोई भी उसकी पहचान नहीं कर पाया।

# विद्यालय में छात्रों के बीच पाठ्य पुस्तक हुआ वितरण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। सोमवार को हाई स्कूल में बच्चों के बीच निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार यादव एवं शिक्षकों की उपस्थिति में पुस्तकों का वितरण कर पुस्तकों की उपयोगिता एवं महत्व पर विस्तृत चर्चा भी किया गया। वहीं बच्चों के अभिभावक ने पुस्तक वितरण के दौरान बच्चों को प्रोत्साहित कर बच्चों का हौसला भी बढ़ाया। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सरकार के योजना अनुसार 9 से 12 तक के बच्चों को निशुल्क किताबों का वितरण किया जाना है। उसी कड़ी में आज प्रधानाध्यापक और शिक्षक के द्वारा कक्षा 9 के बच्चे को निःशुल्क पुस्तक मुहैया कराई गया। मौके पर लिपिक ठाकुर दिनेश कुमार सिंह, शिक्षक आनंद कुमार, अभिनंदन कुमार, अजीत कुमार, अरविंद कुमार, प्रशांत कुमार आनंद, रवि प्रकाश, शिक्षिका चांदनी कुमारी, मधु श्रीवास्तव, बबीता गुप्ता, अंगूरी बेगम, चंदा ज्योति सहित सभी छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# मुहर्रम पर चमडोरिया से निकला अलम, नौहाखानी व सीनाजनी

● बावली से आज निकलेगा दुलजना का जुलूस

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



शिया समुदाय की ओर से मुर्हरम के आठवीं तारीख पर सोमवार को चमडोरिया स्थित इमामबाड़ा दरगाह बाबुल हवायच से अलम का जुलूस निकाला गया। इसमें सैकड़ों अलम लेकर लोग चल रहे थे। विभिन्न अंजुमन के द्वारा नौहाखानी और सीनाजोरी किया जा रहा था। अलम के साथ निकला जुलूस अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग झाऊगंज, चौक, मच्छरहट्टा, खाजेकलां, गुरहट्टा से होते हुए नवाब बहादुर रोड तक गया। इसमें जीनत ए अजा, दस्ते सज्जादिया, अंजुमने अब्बासिया, अंजुमने पंजेतनी, अंजुमने हैदरी व अंजुमने सज्जादिया सहित अन्य अंजुमन के शामिल लोग नौहाखानी करते व मर्सिया पढ़ करबला की जंग का जिक्र करते चल रहे थे। दरगाह चमडोरिया इमामबाड़ा के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, सैयद सरबर इमाम, डॉ सिकंदर अली, सैयद जियारत हुसैन उर्फ पन्ना, दिलावर हुसैन, सैयद हसन अली, सैयद अली इमाम, बासिफ हुसैन, सैयद रजा इमाम, तनवीरूल हसन तन्नू, संजर अली सहित दर्जनों की संख्या में लोग शामिल थे। दरगाह के सचिव ने बताया कि मातमी जुलूस का सिलसिला दशमीं मुहर्रम तक जारी रहेगा। नवमी मुहर्रम पर मंगलवार को बौली इमामबाड़ा से दुलजना का जुलूस निकलेगा। यह बड़ी हवेली गुजरी बाजार तक जाएगा। मेहंदी जुलूस के संयोजक सैयद हसन अली ने बताया कि नवमी मुहर्रम पर खाजेकलां के सिंधी दालान स्थित स्वर्गीय मेहंदी अली खान साहेब के इमामबाड़ा में मजलिस होगा। इधर स्थापित सिपहर व ताजियों का पहलाम शनिवार को होगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से भी तैयारी की गयी है। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि पहलाम के लिए तीन अस्थायी थाना दरगाह कर्बला, तिराहे की मस्जिद व पत्थर की मस्जिद में खोला जाएगा। थानाध्यक्षों को संवदेनशील स्थानों पर कड़ी चौकसी का निर्देश दिया गया है। चिह्नित संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। दूसरी ओर पहली बार मोहर्रम पर जिला प्रशासन ने सिविल डिफेंस के वार्डनों की सेवा विधि-व्यवस्था संधारण में लिया है। इस संबंध में एटीएम आपदा प्रबंधन के द्वारा भी पत्र जारी किया गया है।

# कौशल प्रशिक्षण लिये छात्राओं को दिया प्रमाण पत्र





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारत सरकार के एमएसएमएफ सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से गायघाट स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग में छात्राओं के लिए कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया था। आयोजित प्रशिक्षण में हस्त कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को हुआ। इसमें शामिल 22 छात्राओं को प्राचार्या प्रो डॉ इला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन डॉ सबीहा अहसन व प्रशिक्षण रुबी कुमारी ने दिया। ई रिक्शा संग चालक नहर में गिरा,लोगों ने बचाया पटना सिटी. आलमगंज थाना क्षेत्र के मठ लक्ष्मणपुर कोईरी टोला मुहल्ला में देवी स्थान से पूरब ई रिक्शा लेकर जा रहे चालक संजय कुमार सिन्हा नहर में संतुलन खोने की स्थिति में गिर गया. बताया जाता है कि सामने से आ रहे पिकअप वैन को साइड देने के दौरान यह हादसा हुआ. चालक ई रिक्शा के साथ सैदपुर नहर में गिर गया. चालक ने नाला में तैर कर किनारे आया. नागरिकों ने सक्रियता दिखाते हुए ई रिक्शा को नाला से निकाला. जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप मेहता,उपाध्यक्ष सलमान अख्तर व डॉ एकबाल अहमद पटना नगर निगम के निगमायुक्त व बुडको के एमडी से बैरेकेटिंग नाला के उत्तर दिशा में कराने की मांग की है.इन लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य आरंभ हुए एक वर्ष बीतने को है, लेकिन अभी तक कार्य धरातल पर नहीं उतरा है. इस कारण से लोगों की जान जा रही है।

# सैदपुर-पहाड़ी नहरनुमा नाला में गिरा हवा-हवाई, चालक की बची जान





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सैदपुर-पहाड़ी नहरनुमा नाला अब भी जानलेवा बना हुआ है। सोमवार की सुबह में हवा हवाई का चालक वाहन सहित उक्त नाला में गिर पड़ा। कृष्णाला में गिरने से अनेक लोगों की मौत भी हो चुकी है और अनेक लोग घायल होकर हाथ पैर की हड्डी भी तुडवा चुके हैं। सुबह करीब 9:00 संजय कुमार सिंह अपने घर से हवा हवाई को लेकर पूर्व से पश्चिम की ओर जा रहा था इसी दौरान एक पिकअप वैन पश्चिम से पूर्व की ओर आ रहा था उक्त पिकअप वैन को साइड देने के दौरान हवा हवाई सरसर कर नहर नुमा नाल में जागीर संजोग रहा की हवा हवाई पर कोई सवारी बैठा नहीं था हवा हवाई का चालक वहां के साथ नहर में गिरने से घायल हो गया मगर इसके बाद भी वह हवा हवाई से निकलकर किसी तरीके से युक्त नल के पानी में तैर कर बाहर निकाल अपनी जान बचाने में सफल रहा बाद में स्थानीय लोगों की मदद से हवा हवाई को टोचन कर नहर से बाहर निकल गया इस दौरान पिकअप वैन और हवा हवाई को रास्ता से बांधा गया पिकअप वैन ने वाहन को खींच इसके बावजूद हवा हवाई तो निकल गया मगर उसे खास नुकसान पहुंचा है इस संबंध में जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता, उपाध्यक्ष सलमान अख्तर एवं प्रवक्ता डॉक्टर इकबाल अहमद ने कहा कि पटना नगर निगम के आयुक्त एवं बुढो के एमडी से मांग किया है कि नल के उत्तरी छोर को बैरिकेडिंग कर गिर जाए कारण की मेरा नहीं होने के कारण हर सप्ताह आए दिन नहर में हवा हवाई ऑटो गाड़ी के गिरने का दौर जारी है पिछले करीब एक डेढ़ साल से नहर में गिर कर दर्जनों लोगों की अब तक मौत हो चुकी है इस नहर को पाठ कर सड़क निर्माण करने के मुद्दे पर काम तेजी से क्यों नहीं किया जा रहा है यह आश्चर्य का विषय है मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप नेता ने कहा कि नहर को पाठ कर सड़क निर्माण करने को लेकर 259 करोड़ का ठेका हुए लगभग 1 साल होने को है मगर अभी तक जमीन पर आधा किलोमीटर भी काम नहीं हो पाया है आखिर कछुए की चाल की गति से 6 किलोमीटर का काम अच्छा को अपने ठेकेदार के द्वारा कितने दिनों में पूरा कर पाएगा यह सोचनीय विषय बना है मोर्चा ने मांग किया है कि अक्टूबर माह से सैदपुर पहाड़ी नल को लड्डू अखाड़ा के पास से नल को पाठ कर सड़क बनाने के काम को अभिलंब शुरू की जाए ऐसा नहीं होने पर मोर्चा आंदोलन शुरू करेगा।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की नवागंतुक अध्यक्षा सुनीता सिंह का महिला कल्याण संगठन की ओर से किया स्वागत

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की नवागंतुक अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के प्रथम बार पटना आगमन पर महिला कल्याण संगठन की ओर से उनका स्वागत किया गया। श्रीमती सुनीता सिंह आगरा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक एवं एमए की डिग्री पूरी की हैं तथा एमए में गोल्डमेडलिस्ट हैं। आप चक्रधरपुर मंडल में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर में महिला कल्याण संगठन की महासचिव रह चुकी हैं। आपके कार्यकाल में महिला कल्याण संगठन द्वारा विभिन्न सामाजिक उत्थान गतिविधियों जैसे स्कूलों की बेहतरी और महिला प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना एवं सुधार इत्यादि जैसे कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक कार्यन्वयन किया गया। आप नृत्य, संगीत, कला, पुस्तकों जैसे रचनात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों को प्रोत्साहित करती हैं। बागवानी और फूलों की बेहद शौकीन हैं। साथ ही यात्रा करना तथा नई संस्कृतियों के बारे में उनके स्मारकों, वस्त्रों और भोजन के माध्यम से सीखने में विशेष रूचि रखती हैं। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जनहित कार्यों में हमेशा रचनात्मक सहयोग देता है। यह संगठन न सिर्फ रेल कर्मचारियों के परिवार के लिए बल्कि समाज के अन्य वर्गों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करती है। संगठन द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मौलिक विन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। श्रीमती सुनीता सिंह की नेतृत्व में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन भविष्य में सामाजिक सरोकर एवं जनहित कार्यों में और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहेगी।

# प्राण प्रतिष्ठा की पुणार्हूति पर हुआ प्रसाद का भंडारा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री श्री महावीर जी व शिव पार्वती परिवार की ओर से मालसलामी के नुरुउद्दीनगंज स्थित खंगर पर शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर वाराणसी से आए आचार्य आनंदराज मिश्र, उपाचार्य संजय उपाध्याय, रौशन बाबा, श्याम किशोर पांडेय, पप्पू पंडित व श्याम बाबा की देखरेख में पूणार्हूति पर हवन पूजन किया गया। इससे पहले चल रहे अखंड कीर्तन का समापन हुआ। इसके बाद भंडारा हुआ। आयोजन में कार्यकारी अध्यक्ष पार्थ सारथी, अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार, सचिव अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार रजक आदि सक्रिय रहे। वहीं मच्छरहट्टा गली स्थित प्राचीन श्री काले हनुमान मंदिर में आचार्य विद्या भूषण पांडेय के आचार्यात्व में यजमान बने पुजारी पंडित राजेश मिश्र ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद मथुरा निवासी आचार्य मथुरानाथ चतुर्वेदी के व्यासत्व में रामचिरत मानस नवाह परायण यज्ञ अनुष्ठान हुआ। इस दौरान मानस पाठ के साथ प्रवचन हुआ। मथुरा से आए भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी। मच्छहरट्टा के गोपीनाथ जी की गली स्थित जगन्नाथ मंदिर से लल्लू बाबू के कूचा स्थित मंदिर में प्रवास को पहुंचे भगवान जगन्नाथ ने नवमी के दिन गरुड़ की सवारी की।

## स्वास्थ्य मंत्री ने की 8 जिलों के सिविल सर्जन के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा

# श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं का रहेगा पुख्ता इंतजाम : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सचिवालय सभागार में श्रावणी मेला को लेकर विभाग द्वारा 8 जिलों (यथा- बांका, भागलपुर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, जमुई, लखीसराय और सारण) के सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रावणी मेला में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित करना था। बैठक में श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता और उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष



जोर दिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, आपातकालीन सुविधाओं, एम्बुलेंस सेवाओं, दवा की उपलब्धता, साफ-सफाई और अन्य स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। सभी सिविल सर्जनों को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य शिविर में कम से कम 90 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध होनी चाहिए। जिसमें समान्य दवाएं और इमरजेंसी दवाएं उपलब्ध हों। सभी शिविर में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, मॉस्क और सैनिटाइजर की व्यवस्था हो। साथ-साथ सभी शिविर में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए भी निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि श्रावणी मेले के दौरान कुल 9 जिलों में शिविरों की संख्या 110 होगी।

वहीं इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से आलसा एंबुलेंस की संख्या 34 एवं बालसा एंबुलेंसों की संख्या 49 निर्धारित की गयी है। इस दौरान प्रतिरक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चत रहेगी। श्रद्धालुओं को कठिनाई न हो इसलिए 95 शौचालय बनाए गए हैं। खाद औषधि निरीक्षकों को भी ड्यूटी पर लगाया गया है। सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए कहा गया कि 2 दिन जब बहुत ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। उस दिन सिविल सर्जन रूट पर रहें, कार्यालय में बैठकर कार्य न करें। शिविर में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों, पारा मेडिकल स्टॉफ और अन्य कर्मियों को सुबह-शाम निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को मेले के दौरान नियमित रूप से सेवाओं की निगरानी करने और तत्कालिक समस्याओं के समाधान के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रत्यय अमृत, अपर सचिव स्वास्थ्य विभाग शैलेश कुमार, विभाग एवं प्रशासी पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार राजेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभिग के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहें।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारी अंतिम चरण में

## प्रदेश अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, प्रदेश पदाधिकारियों से किया संवाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 18 जुलाई को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में होनी है। इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कार्यक्रम स्थल पहुंचे और पूरी व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकताओं से संवाद किया। उन्होंने सारी व्यवस्थाओं को बारीकी से जायजा लिया और जहां भी कमियां दिखी उसे दूर करने की भी बात कही। श्री चौधरी के साथ प्रदेश पदाधिकारी, कई मोर्चा के अधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल ने बताया कि इस बैठक में कई प्रदेश स्तरीय नेता, बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, सभी विधायक, पूर्व विधायक, सभी जिला के अध्यक्ष , मंडल अध्यक्ष के साथ प्रदेश



कार्यसमिति के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति होगी। इस बैठक में पूरे प्रदेश से 4000 से अधिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता आने वाले हैं। इस कार्यसमिति बैठक के लिए तैयारी अंतिम चरण में है। आज यातायात, खानपान, आमंत्रित लोगों की आगवानी और स्वागत को लेकर जिम्मेदारी तय कर दी गई है। इस कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में बाहर से लोग आएंगे, इस कारण व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ आगे के चुनावों में मजबूती से जाने की रणनीति पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के लिए अध्यक्ष श्री चौधरी के साथ संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, शिवेश राम, राजेश वर्मा, राजेन्द्र सिंह, एमएलसी अनिल शर्मा, कार्यालय मंत्री प्रवीण चंद्र राय, सह कार्यालय मंत्री सुग्रीव, प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, संतोष रंजन राय, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा , पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार को विशेष दर्जा या विशेष पैकेज की नितांत आवश्यकता : उमेश

## बोलें-बिहार के पास प्राकृतिक संसाधनों का है भारी अभाव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार जनता दलयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि दीर्घकालिक विकास उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष आर्थिक पैकेज की नितांत आवश्यकता है। लैंड लॉक्ड प्रदेश होने के कारण बिहार को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बिहार-झारखंड बंटवारे के बाद सारा खनिज संपदा झारखंड के हिस्से चल गया और आज बिहार के पास प्राकृतिक संसाधनों का भारी अभाव है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तमाम बाधाओं एवं सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद भी विगत 19 वर्षों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हर मानवीय जरूरतों को भी पूरा किया है लेकिन बिहार को अन्य विकसित राज्यों के समक्ष खड़ा करने के लिए विशेष आर्थिक सहायता हमारी वर्षों पुरानी मांग रही है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि केंद्रीय बजट को लेकर बिहार की जनता इस बार बेहद आशान्वित है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीते कई वर्षों से बिहार को



विकसित राज्य बनाने के लिए विशेष दर्जा या विशेष आर्थिक पैकेज की मांग करते रहे हैं। हमें आशा है कि इस बार केन्द्रीय बजट में बिहार की अपेक्षाओं और जरुरतों का समुचित ख्याल रखा जायेगा। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की व्यापक संभावनाएं हैं। इस दिशा में अगर केंद्र सरकार का सहयोग हमें प्राप्त होता है तो बड़ी संख्या में रोजगार सृजन के साथ-साथ राज्य के आर्थिक विकास को भी नया बल मिलेगा। प्रदेश को प्रतिवर्ष बाढ़ और सुखाड़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से सामना करना पड़ता है, जिसकी वजह से बिहार को भारी आर्थिक नुकसान होता है। ऐसे में विशेष राज्य का दर्जा या विशेष आर्थिक पैकेज 14 करोड़ बिहारियों का हक है।

# समरसता के रास्ते पर चलना भारतीय संस्कृति का स्वभाव : विजय

- उपमुख्यमंत्री ने की सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना, पोरबंदर भी गए

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। तदुपरांत वे महात्मा गांधी की जन्मस्थली पोरबंदर भी गए। उक्त यात्रा के क्रम में उन्होंने कहा कि भगवान सोमनाथ का मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक होने के कारण वंदनीय तो है ही साथ ही यह भारतीय जनमानस की भक्ति और जीवटता का भी प्रतीक है। कई बार इस पावन स्थल को बर्बर आक्रांताओं ने पददलित करने का प्रयास किया। लेकिन यह तीर्थ विध्वंस के कुचक्र से बार-बार उबर कर अपनी दिव्यता को पुनर्स्थापित करने में सफल रहा। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि हर परिस्थिति में रचना और निर्माण की प्रवृत्ति ही भारतीय संस्कृति की पहचान रही है। आज भी हमारी सनातन संस्कृति पर निरर्थक सवाल खड़े कर उसे कलंकित करने के प्रयास जारी हैं। लेकिन हम अपने स्वभाव के



अनुसार समरसता और सृजन के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं । इसलिए आज दुनिया उम्मीद भरी नजरों से भारत की ओर देख रही है। श्री सिन्हा ने बताया कि पोरबंदर में बापू की जन्मस्थली पर जाने का अनुभव भी किसी तीर्थाटन से कम नहीं है। वहां जाकर उस परिवेश से जुड़ने का अनुभव हुआ जहां भगवान राम और कृष्ण भक्ति शक्ति और जीवन की युक्ति के प्रतीक समझे जाते हैं। महात्मा गांधी ने भी भगवान राम और कृष्ण की भक्ति के मर्म को आत्मसात कर देश को सत्य, अहिंसा और आजादी की महान विरासत दी। बापू भारत को भारतीयों द्वारा पोषित संस्कृति वाला एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाना चाहते थे। आज उनके नाम का इस्तेमाल करने वाले परिवारवादी विभाजन और विद्वेष की आग में झोंकने के प्रयास में जुटे हैं। लेकिन इनके ये विध्वंसक प्रयास किसी कीमत पर सफल नहीं होंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि सोमनाथ और पोरबंदर जैसे स्थान पर्यटन से कहीं अधिक भारत की आत्मा के प्रतीक-स्थल हैं । यही वह पूंजी है जिसकी वजह से दुनिया में हमेशा आदर पाते रहे हैं और आज भी हम दुनिया की उम्मीदों के केंद्रबिंदु बनकर उभरे हैं ।

# नीतीश कुमार के राज में महिलाओं को मिला सम्मान : राजीव

- लालू-राबड़ी राज में महिलाओं पर टूटता था कहर

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि तेजस्वी यादव भले ही झूठ और दुष्प्रचार के जरिये लालू-राबड़ी राज की कालिख को छिपाने का भरपूर प्रयास कर रहे हों, लेकिन उससे बिहारियों के मन में लगा घाव भरने वाला नहीं है। बिहार के लोग भूल नहीं सकते कि उस समय एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद उनकी बहू-बेटियां घरों से अकेले बाहर नहीं निकल पाती थीं। राजद के जंगलराज का सबसे अधिक कहर महिलाओं पर ही टूटता था। राजद की सत्ता की शह पर गुंडों का मन इतना बढ़ा हुआ था कि बड़े अधिकारीयों के घर की महिलाएं भी सुरक्षित नहीं थीं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी जी को पता होना चाहिए कि उस समय महिलाएं घूमने के लिए तो दूर पढ़ने और नौकरी करने के लिए



निकलने से पहले सौ बार सोचती थीं। न तो उन्हें आरक्षण का लाभ मिलता था और न ही सुरक्षा। दहेज हत्या और बाल विवाह के मामले आम थे। दलितों, पिछड़े-अतिपिछड़ों के घरों की लड़कियों को खुलेआम उठा लिया जाता था लेकिनसरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती थी। लेकिन नीतीश राज आने के बाद हालात बदले और महिलाओं को उचित सम्मान मिलना शुरू हुआ। जिस बिहार के स्कूलों में महज 12 प्रतिशत लड़कियों की उपस्थिति रहती थी वहां आज 98 प्रतिशत से अधिक बच्चियां स्कूल जाने लगी हैं। आज कक्षा 1 से 12 तक के छात्राओं को पोशाक, छात्रवृति, साईकिल योजना के तहत साईकिल एवं इंटरमीडिएट पर 25 हजार तथा ग्रेजुएशन करने पर 50 हजार दी जा रही है। वहीं हर लड़की को ग्रेजुएशन तक 1 लाख से अधिक रुपए मिल रहा है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश सरकार ने ही महिलाओं को पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया। इसी सरकार ने आज टीचर बहाली में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया हुआ है, जिसके कारण अभी हाल में हुई 4 लाख शिक्षकों की बहाली में 2 लाख महिलायें चयनित हुई है। बिहार पुलिस बल में लगभग 30 हजारसे अधिक महिलायें कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षण संस्थानों में नामांकन में महिलाओं के लिए 33 आरक्षण दिया जा रहा है।

# अब तो मंत्री हीं स्वीकार रहे हैं भ्रष्टाचार की बात : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने राज्य के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल को बधाई देते हुए कहा है कि उन्होंने सच्चाई स्वीकारने और अपनी हीं सरकार को आईना दिखाने की हिम्मत की है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए सरकार में भ्रष्टाचार संस्थागत रूप धारण कर लिया है। यह आज की हकीकत है। सत्ता पक्ष के लोग भी इसे जानते हैं , पर डर से वे बोलते नहीं हैं। सरकार लाख दावा करे पर स्थिति यह है कि हर विभाग के हर टेबल पर बीना दक्षिणा का कोई काम नहीं होता। रिश्वत के बल पर गलत से गलत काम भी सभी कायदे कानून को नजरंदाज करते हुए आसानी से हो जाता है। वहीं बिना रिश्वत के सही काम को भी कोई न कोई अड़चन लगा कर उलझा दिया जाता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जितनी भी कवायद की जाती है भ्रष्टाचार का दायरा उतना हीं अधिक बढ़ते जाता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पुल पुलिया और भवन का गिरना, सड़क का धंसना और बांध का टूटना ये सब तो भ्रष्टाचार का शिकार है हीं लेकिन जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर व्यवस्था का अंग बन चुकी भ्रष्टाचार से आमलोग बेबस और त्रस्त है । कोई सुनने वाला नहीं है। जितना



उससे मुक्त होने का प्रयास करता है उतना हीं ज्यादा उसमें फंसता चला जाता है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए नेताओं द्वारा राजद शासनकाल के बारे में एक गलत धारणा बनाने का प्रयास किया जाता है पर सच्चाई यही है कि उस शासनकाल में किसी की हिम्मत नहीं थी कि वह आमलोगों को परेशान करे या किसी सही काम के लिए उसे कार्यालय का चक्कर काटना पड़े।

**पूर्व मंत्री छेदी राम का राजद से कोई वास्ता नहीं :**

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया है कि बक्सर में गिरफ्तार पूर्व मंत्री छेदी राम जी का राजद से कोई वास्ता नहीं है। उन्हें पिछले विधानसभा चुनाव के समय हीं पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अभी वे राजद के प्राथमिक सदस्य भी नहीं है।

# बिहार कांग्रेस ने की मैराथन समीक्षा बैठक तीन गुना सीट जीतने का लिया संकल्प

- लोकसभा की तरह विधानसभा में भी तीन गुना सीट जीतने का संकल्प लें : अखिलेश

पटना। लोकसभा चुनाव के बाद बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों के साथ सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मैराथन समीक्षा बैठक की। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिला से आए अध्यक्षों के साथ लोकसभा चुनाव के बाबत प्रदेश अध्यक्ष ने पांच घंटे से ज्यादा गहन चर्चा की जिसमें प्रत्येक जिलाध्यक्षों से चर्चा की गई। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमने मजबूती से प्रत्येक लोकसभा क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दिखाई और सभी जिलाध्यक्षों ने अपने सहयोगी संगठनों के साथ भी अच्छी साझेदारी करके सभी सीटों पर मजबूती से लड़ाई लड़ी। कहां कहां कमियां रह गई थी उसको लेकर आज समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें सभी जिला के अध्यक्षों से क्या क्या कमियां रह गई उसका फीडबैक लिया गया। ताकि आगामी



चुनावों को लेकर संगठन को मजबूत किया जा सकें और उन खामियों को दूर करके अभी से चुनाव को लेकर जिम्मेदारियां तय की जाएं। इस तरीके की बैठक से बहुत सारी जानकारियां मिली जिसको लेकर हमलोग अभी से तैयारी में जुट जाएंगे। लोकसभा चुनाव में एक से तीन सांसद होने पर उन्होंने जिलाध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में भी तीन गुना सीटों पर जीत की दर्ज करने का लक्ष्य रखा। साथ ही बैठक में सभी जिलाध्यक्षों को तीन महीने के अंदर बूथ लेवल एजेंट बनाने का निर्देश दिया ताकि विधानसभा चुनाव से पहले संगठन मजबूती से बूथ स्तर तक काम कर सकें। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह से कई जिलाध्यक्षों ने प्रखंड अध्यक्षों की निष्क्रियता की शिकायत की जिसपर प्रदेश अध्यक्ष ने प्रखंड अध्यक्षों की सूची मांगी और कार्य में शिथिलता बरत रहें हैं उन्हें बदलने की भी आवश्यकता उन्होंने बताई। इस बैठक में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, पूर्व सांसद अजय निषाद, कोषाध्यक्ष निर्मलेन्दु वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, डा अजय कुमार सिंह, शरवतजहां फातिमा,प्रभात कुमार सिंह, डा संजय यादव, शशि भूषण राय, अभय सिंह सार्जन, सतीश कुमार मंटन, अबू तमीम, धनंजय शर्मा, शशि रंजन, परवेज जमाल, राज किशोर चौधरी, अजय सिंह, विधुशेखर पाण्डेय, भारत भूषण दूबे, अरविन्द कुमार मुकुल, मुकेश झा, गोपाल शर्मा, कंचना कुमारी, राजेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश गर्ग, नूरी बेगम, विमल कुमार यादव, मनोज कुमार मिश्र, सीताराम चैधरी, गुड्डू पासवान सहित सभी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षगण मौजूद रहे।

# डग्री के साथ कौशल का होना रोजगार की गारंटी : ऋतुराज

पटना। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने देश के सभी युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी देश का विकास उसके युवाओं के विकास के बिना संभव नहीं है। अब युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास के ज्ञान से प्रकाशित होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से साल 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था । उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत के नागरिक अपनी युवा पीढ़ी को कार्यकुशल बनाने में सक्षम रहे हैं, जिसका प्रमाण प्राचीन भारत के वास्तुशिल्प एवं शिलालेख या अन्य पौराणिक वस्तुओ में देखने को मिलता है। इन कार्यकुशलता का लोहा विश्व ने भी माना है। परंतु समय के साथ हमें अपनी पौराणिक पद्धति को छोड़ सिर्फ और सिर्फ किताबी ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि हमारे युवा शिक्षित तो हैं परंतु उनमें कार्य कुशलता का अभाव है। उन्होंने कहा कि 2014 से अबतक हुए प्रयास के बावजूद भारत की कुल आबादी में मात्र 2.5% ही औपचारिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त है, जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 52 प्रतिशत, जापान में 80 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया में 96 प्रतिशत है। सिन्हा ने कहा कि विकसित देशों के विकास में युवाओं के कौशल विकास की जरूरत को समझते हुए हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। आज इसी का परिणाम है कि भारत में रोजगार पाने में सक्षम युवाओं का प्रतिशत 2014 के 33.9 प्रतिशत से बढ़कर 51.3 प्रतिशत हो गया है। सिन्हा ने बिहार के युवाओं से अपील की है कि वह पारम्परिक शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षा के साथ-साथ किसी भी एक क्षेत्र या विषय का औपचारिक कौशल प्रशिक्षण भी अवश्य हासिल करें।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0 नि0 वि0, पटना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 27.07.2024 को 12:00 बजे पूर्वाहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 29.07.2024 को 03:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 29.07.2024 को 03:30 बजे अपराहन से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय। (ख) कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय। (ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0–01,02,03 गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान क्रमांक–5 के अनुसार।
7. प्रत्येक ग्रुप हेतु अलग–अलग आवेदन देना अनिवार्य होगा। दो या दो से अधिक ग्रुप के लिए एक साथ आवेदन को आमान्य समझा जायेगा।
8. कार्य का विवरणी।

| S.No. | Work Name | Estimate Rate (Rs.) | Earnes Money (Rs.) | B.O.Q. Rate (Rs.) | Work completeion date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of Hoarding of size (20'0"x10'0") for Public Relation Department, Patna, Bihar. Exhibit sheet & printing of Flex/Banner (M/S Steel Type) of Patli Pul ke Niche, Phulwarisharif, Patna for the year 2024-25 | 2,57,000.00 | 5200.00 | 750.00 | 1 Month |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 003896 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.07.2024 को 12:00 बजे पूर्वाहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.07.2024 को 03:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.07.2024 को 03:30 बजे अपराहन से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय। (ख) कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय। (ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0–01,02,03 गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान क्रमांक–5 के अनुसार।
7. प्रत्येक ग्रुप हेतु अलग–अलग आवेदन देना अनिवार्य होगा। दो या दो से अधिक ग्रुप के लिए एक साथ आवेदन को आमान्य समझा जायेगा।
8. कार्य का विवरणी।

| S.No. | Work Name | Estimate Rate (Rs.) | Earnes Money (Rs.) | B.O.Q. Rate (Rs.) | Work completeion date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of Hoarding of size (20'0"x10'0") for Public Relation Department, Patna, Bihar. Exhibit sheet & printing of Flex/Banner (M/S Steel Type at AIMS Golamber 1 Phulwarisharif, Patna for the year 2024-25 | 2,57,000.00 | 5200.00 | 750.00 | 1 Month |

शर्तः

निविदा के साथ स्थानीय अभिकर्ता श्रेणी iv में निबंधन प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की प्रति सभी अद्यतन कागजात की सुस्पष्ट स्वहस्ताक्षरित या राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। वैसे संवेदक जिनके यहाँ कार्य पूर्व से लंबित है, की निविदा मान्य नहीं होगी। विशेष सूचना के लिए वेबसाइट www.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में संपर्क करें।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 003883 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल
भ0नि0वि0, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


# बाबूलाल मधुकर के निधन से मगही साहित्य के एक देदीप्यमान नक्षत्र का अवसान

## साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई शोक-सभा, इस वर्ष से उनके नाम से आरंभ होगा स्मृति-सम्मान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मगही और हिन्दी के यशस्वी कवि और बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य बाबूलाल मधुकर के निधन से साहित्य-जगत में शोक व्याप्त है। उनके निधन पर, सोमवार की संध्या, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में शोक-सभा आयोजित हुई, जिसमें साहित्यकारों ने उनके साहित्यिक अवदानों को स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक-सभा की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि अपनी विपुल रचनात्मक कृतियों और अवदानों से मधुकर जी ने मगही साहित्य को समृद्ध किया। एक कवि, कथाकार और नाटककार के रूप में उन्होंने पर्याप्त ख्याति अर्जित की। रमरतिया नामक उनके प्रथम उपन्यास ने ही,



उन्हें मगही साहित्य में स्थापित कर दिया। उसे मगही का प्रथम आंचलिक उपन्यास भी माना जाता है। उन्होंने मगही मेघदूत, रुक्मिणी के पाती और विदुषी मंदोदरी नाम से प्रबंध-काव्य भी लिखे। डा सुलभ ने कहा कि मधुकर जी से उनके चार दशकों के आत्मीय और प्रगाढ़ संबंध रहे। उनके चर्चित खण्ड-काव्य मगही मेघदूत की भूमिका लिखते हुए, उनके अन्य सूक्ष्म अवदानों को भी समझने का अवसर मिला। मधुकर जी का संपूर्ण जीवन पीड़ा और पीड़ा पर विजय पाने की तपो साधना की रोचक गाथा है, जिसे उनके साहित्य में समझा जा सकता है। साहित्य सम्मेलन से भी उनका गहरा संबंध था। वे सम्मेलन के उपाध्यक्ष भी रह चुके थे। सम्मेलन ने उन्हें विविध अलंकरणों से सम्मानित भी किया। लोक नायक जय प्रकाश के आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। उनके निधन से साहित्य जगत को भारी क्षति पहुँची है। डा सुलभ ने घोषणा की कि इस वर्ष से उनके नाम से स्मृति-सम्मान आरंभ किया जाएगा, जो किसी साहित्यकार को मगही में किए गए मूल्यवान साहित्यिक अवदान के लिए दिया जाएगा। वरिष्ठ कवयित्री विभा रानी श्रीवास्तव, डा अर्चना त्रिपाठी, कुमार अनुपम, प्रो सुशील कुमार झा, श्रीकांत व्यास, पत्रकार हृदय नारायण झा,कौशलेन्द्र पाण्डेय, कृष्ण रंजन सिंह, नन्दन कुमार मीत, भगवती प्रसाद द्विवेदी, डा एम के मधु, डा शशि भूषण सिंह आदि ने भी अपने शोकोदगार व्यक्त किए । सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत-आत्मा की शांति और सद्गति के लिए प्रार्थना की गयी। स्मरणीय है कि रविवार की संध्या साढ़े चार बजे पटना के एक निजी अस्पताल में 83वर्ष की आयु में, मधुकर जी ने अपनी अंतिम साँस ली। वे प्रोस्टेट की समस्या से पीड़ित थे। उनका अग्नि-संस्कार सोमवार की संध्या, उनके पैतृक ग्राम, नालन्दा के इस्लामपुर प्रखण्ड स्थित ढेकवाहा में किया गया। मुखाग्नि उनके एक मात्र पुत्र अतुकान्त मधुकर ने दी।

## पूर्व एमएलसी सदस्य बाबूलाल मधुकर का पार्थिव शरीर विप पहुंचा



- सचिव सहित अन्य दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधान परिषद् के सचिव अखिलेश कुमार झा ने बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य एवं साहित्यकार बाबूलाल मधुकर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दिवंगत मधुकर का पार्थिव शरीर सोमवार को बिहार विधान परिषद् लाया गया। सचिव ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण किया एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे बाबूलाल मधुकर अपने मगही उपन्यास रमरतिया और अलगंठवा के लिए चर्चित रहे। मगही में उनका एकांकी संकलन नायका भोर और मगही महाकाव्य रुक्मिणी की पांती प्रकाशित है।

## संक्षिप्त खबरें

### लूट कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के पियर थाने की पुलिस ने लूट मामले के अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गआयघआट थाने के बखरी से की गई है।थानाध्यक्ष पंकज यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गत महीने बगाही मे दो अभियुक्तों द्वारा एक व्यक्ति से हथियार के सहारे लूट का प्रयास किया गया था। इस मामले में पियर थाना कांड संख्या 121/24 धारा 25(1-)/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। एक अभियुक्त को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पियर थाना कांड संख्या 118/24 धारा 393/307/414/34 एवं 25(1-)/26/35 एक्ट के अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### मुहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

मनिगाछी(दरभंगा)।आगामी 17 जुलाई को होने वाले मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने को लेकर सोमवार को थाना क्षेत्र के नजरा गांव में प्रो शाहिद के आवासीय परिसर में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में चारों अखाड़ा के मुहर्रम समिति सदस्यों के साथ बैठकर ताजिया जुलूस के सरकारी निर्देशों की जानकारी देते हुए इसका अनुपालन करने की सलाह दी गई। बैठक में चारों अखाड़ा के ताजिए का जुलूस निकालने के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया। थानाध्यक्ष ने मुहर्रम के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति अनिवार्य रूप से लेने का निर्देश दिया। बैठक जुलूस एवं अखाड़ा के दौरान अस्त्र-शस्त्र तथा तलवार भाला फरसा जैसे धारदार हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चारों अखाड़े को हिदायत दी गई कि जुलूस के लिए दिए गए रूट व समय पर ही ताजिए को निकाला जाएगा तथा जुलूस की शर्तों का उल्लंघन करने वालों पर करवाई की जाएगी।थानाधक्ष ने बताया कि सरकार के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार ही लोगों को शांतिपूर्वक पर्व मनाने के लिए कहा गया है।अशांति फैलानेवाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राघोपुर पूर्वी के मुखिया रजि आलम, उप प्रमुख मोहम्मद आजाद, न्यूटन, राजू, मोहम्मद मारूफ सहित कई लोग मौजूद थे।

### मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के समर्था वार्ड 11 निवासी उमाशंकर सिंह के पुत्र अनुराग कुमार मारपीट की घटना को लेकर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि 10 जुलाई की रात्रि करीब 12:00 बजे चक देवी पोखर मोरिया गार्डन के पास सड़क पर गांव के ही गोविंद लाल सिंह एवं एक अन्य गाली गलौज करते हुए रोक लिया। शंका होने पर वहां से बचकर निकल कर भागा लेकिन तरुनिया मैदान के सामने पीछा कर रोक लिया एवं पिस्तौल से जान मारने की भय दिखाकर ईंट से मार कर सर फोड़ दिया। फिर गला दबा कर जान मारने का प्रयास किया। एवं गर्दन से सोने का चेन छीन लिया तथा जान मारने की धमकी दिया। पीछे से मेरे साथी आया तो मुझे जख्मी अवस्था में उठाकर स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया।

### लोन स्वीकृति के बाद लिया कमिशन, फिर अभद्र व्यवहार कर बर्बाद करने की दी धमकी

विभूतिपुर/समस्तीपुर लोन स्वीकृति के बाद बैंक के कर्मियों के मिलीभगत से दलाल के द्वारा कमीशन लिया गया। फिर बैंक कर्मी द्वारा लोन नहीं देकर दुर्व्यवहार करते हुए बर्बाद करने के धमकी दिया गया। मामले को लेकर विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बेलसंडी डीह निवासी प्रेम कुमार की पत्नी सपना कुमारी ने जिला अधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसमें बताया है कि जिला गव्य विकास परियोजना के द्वारा लोन स्वीकृति होकर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा महथी टोला आलमपुर में आवेदन आया। हमसे कमीशन लेने के बाद लोन नहीं दिया गया। तथा बैंक के फील्ड अफसर एवं एजेंट के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। इस संबंध में व्यवहार न्यायालय रोसड़ा में परिवारवाद दायर करने पर बैंक कर्मियों द्वारा बर्बाद करने की धमकी दी जाती है।

# कन्हौली गाँव की बहू मेनका मल्लिक को किया गया साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार से सम्मानित

## नेपाली भाषा के उपन्यास नीलकंठ के मैथिली अनुवाद से सम्मानित किया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के कन्हौली पंचायत के मल्लिक टोल कन्हौली गाँव की बहू मेनका मल्लिक को 12 जुलाई 024 को भारतीय विधा भवन बेंगलुरु में आयोजित भव्य समारोह में मैथिली हिन्दी नेपाली साहित्य अकादेमी अनुवाद पुरस्कार साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक द्वारा चादर मोमेंटो एवं पचास हजार नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार उन्हें नेपाली भाषा का उपन्यास नीलकण्ठ का मैथिली अनुवाद के लिए दिया गया. यह किताब वर्ष 021 में साहित्य अकादेमी से प्रकाशित हुई थी. ज्ञातव्य कि इस पुरस्कार के लिए वर्ष 2017 से 2021 के बीच देश भर की भाषाओं से मैथिली मे अनूदित किताबों में अंतिम रूप से चयनित ग्यारह किताबों में सर्वश्रेष्ठ अनुवाद के रूप में सर्वसम्मति से नीलकण्ठ का चयन किया गया है. नीलकंठ नेपाली भाषा का एक सामाजिक उपन्यास है. इसमे दशार्या गया है कि किस प्रकार संवेदनशील व्यक्ति दूसरों के दुख के सामने अपना दुख भूल जाता है और खुद कष्ट सहता रहता है. दूसरों को मदद करते रहने के कारण कथा नायक अपने परिवार से लेकर समाज तक की कटुता भोगता रहता है. अपने विचार और व्यवहार से बिचलित नहीं होता है. आंतरिक और बाह्य संघर्षों का अद्भुत समायोजन इस उपन्यास में देखने को मिलता है. औरों के दुख के साथ अपने दुखों को पीकर नीलकण्ठ बने व्यक्ति के जय-पराजय की कहानी इस उपन्यास की विशिष्ठता है. इस उपन्यास के पात्र, परिवेश पहाड़ी क्षेत्र के होते हुए भी अपने लगते हैं. इसमें दार्जीलिंग क्षेत्र की मिट्टी की सुगन्धि के साथ नेपाली संस्कृति और लोकोपचार की झलक पाठको को अभिभूत करती है. भाषा प्रभावी और पठनीय है. इस कृति को मेनका मल्लिक जी ने अपने अनुवाद कौशल से इस प्रकार मैथिली में प्रस्तुत किया है कि मैथिली के पाठकों को मूल मैथिली की रचना पढ़ने का आनन्द मिलता है. वे कवयित्री कथाकार अनुवादक संपादक और रंगकर्मी हैं। मैथिली में इनकी छह पुस्तकें प्रकाशित हैं, जिनमें चार अनुवाद की पुस्तकें सम्मिलित हैं. तीन किताबों का नेपाली से तथा एक किताब डोगरी से मैथिली में अनूदित हैं. ह्यनीलकण्ठह्ल इनके द्वारा नेपाली भाषा से अनूदित तीसरी किताब है. इनकी दो मौलिक किताबें ह्यगेल्ह सभ झाड़ैत अछि पांखि (कविता संग्रह) और ह्यस्त्री, राति आ प्लेटफार्म नम्बर तेरह (कथा संग्रह) प्रकाशित हैं. मेनका मल्लिक बेगूसराय के रंगमंचों पर सक्रिय रही हैं. मैथिली, हिंदी और नेपाली नाटकों मे अभिनय किया है. बेगूसराय की चर्चित नाट्य-संस्था ह्यनवतरंगह्ल की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली नाट्य समारोहों मे बतौर अभिनेत्री भाग लिया है. इनके सफलता पर बाबूबरही विधान सभा के विधायक मीणा कामत, खजौली विधान सभा क्षेत्र के विधायक अरुण शंकर प्रसाद, कन्हौली पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह,पूर्व मुखिया व पत्रकार रामाशीष सिंह, जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा, सरपंच रामचंद्र सिंह सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी।

# प्रायोजन योजना में मुजफ्फरपुर को मिला सूबे में प्रथम स्थान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में प्रायोजन एवं देख-भाल अनुमोदन कमिटि की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में गई। बैठक में इस योजना के तहत वर्तमान में 134 नये लाभुकों की स्वीकृति दी गई है, जबकि पूर्व में 175 लाभुक की स्वीकृति देकर उसे लाभान्वित किया जा रहा है। मुजफ्फरपुर जिला में प्रायोजन योजना के तहत अब तक कुल 309 लाभुकों को वतार्मान में स्वीकृति दे दी गई है, जो बिहार राज्य में मुजफ्फरपुर जिला प्रथम स्थान पर है। इस योजना के तहत लाभुक को प्रति माह 4000/- रुपए तीन साल तक देय है। बैठक में लक्षित समूह की चर्चा करते हुए अवगत कराया गया कि इस योजना के तहत लक्षित समूह के विधवा परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिलाओं के 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों ,दिव्यांग माता पिता के बच्चे जिनकी दिव्यांगता 60 प्रतिशत या उससे अधिक हो तथा अपने बच्चें का पालन-पोषण करने में असमर्थ हो,दिव्यांग बच्चे, जिनकी दिव्यांगता 60 प्रतिशत या उससे अधिक हो, किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित माता पिता के बच्चे जो अपने बच्चों का पालन पोषण करने में असमर्थ हो,को आच्छादित किया जाता है। अभ्यर्थी अपना आवेदन विहित प्रपत्र में सभी वांछित कागजात के साथ हार्ड कॉपी के रूप में जिला बाल संरक्षण कार्यालय, मुजफ्फरपुर में दे सकते हैं। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, सहायक समाहर्ता . आकांक्षा आनंद, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी दिलीप कामत, सहायक निदेशक दिव्यांग जन सशक्तिकरण अभिमन्यु कुमार उपस्थित थे।

# दरभंगा विधायक ने मृतक के परिजनों को दिया आपदा मद से चार लाख का चेक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। शहर के मौलागंज मदारपुर निवासी चंदेश्वर प्रसाद गुप्ता के 12 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार गुप्ता की गत दिनों पानी में डूबने से मौत हो गई थी। सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व नगर विधायक संजय सरावगी ने मृतक के स्वजनों से मिलकर सांत्वना दी और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में आपदा मद से चार लाख रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। वहीं दूसरी तरफ सदर प्रखंड अंतर्गत मनिहास कंसी में पिछले दिनों 65 वर्षीय पृथ्वी सहनी की अगलगी की घटना में हुई मौत के बाद नगर विधायक श्री सरावगी ने मृतक के स्वजनों को आपदा मद से चार लाख का चेक सौंपा। नगर विधायक ने उक्त आपदाओं पर दुख जताते हुए कहा कि आपदा मद की राशि से मृतक के आश्रितों को मदद मिलेगी। उन्होंने पीड़ितों की भविष्य में भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्व विधान पार्षद अर्जून सहनी, निगम पार्षद ज्योति कुमारी, नरेश राम, संगीत साह, अमरजीत साह, उत्तीम साह, तेतर साह, भवेश चौधरी, सुनील कुमार साह, इंदल चौपाल, कमलेश ठाकुर, विजय साह, लालबाबू भगत, अजीत सहनी आदि उपस्थित थे।

# महाकवि राकेश लोक और शास्त्र से अभिन्न रूप से जुड़े रहे : पूनम सिन्हा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।महाकवि रामइकबाल सिंह राकेश स्मृति समिति के तत्वावधान में आमगोला के शुभानंदी में रविवार को महाकवि राकेश स्मृति पर्व के आयोजन में राकेश जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद बीआरएबीयू की भूतपूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ पूनम सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि उत्तर छायावाद के सुप्रसिद्ध कवि राम इकबाल सिंह राकेश जितना शास्त्र से जुड़े थे उतना ही लोक से जुड़े थे। जहां उन्होंने मिथकीय तत्वों को अपना काव्य उपजीव्य बनाया वहां उनके काव्य में महाकाव्यात्मक औदात्य दृष्टिगोचर होता है और जहां उन्होंने गांव, कृषक, मजदूर, वहां के पशु पक्षी, खेत खलिहान और फसलों का वर्णन किया है वहां लगता है कि संपूर्ण भारतीय गांव का लोक उजागर हो उठा है। अपने विशुद्ध और मूल रूप में राकेश जी को शास्त्र तथा संस्कृत और हिंदी दोनों विषयों का ज्ञान था जिसका उपयोग उन्होंने अपने साहित्य के लिए महत्वपूर्ण कारक के रूप में किया है। लोक जीवन से वे प्रभावित थे तभी तो उनके लेखन की जड़ बहुत गहराई तक पहुंचती है। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ संजय पंकज ने कहा कि मानवीय मूल्यों के तेजी से विघटित होते हुए समय में राकेश जी की कविताएं हमें संवेदनशील बनाती हैं। वे शौर्य, पराक्रम और पुरुषार्थ के आग्रही थे।उनकी रचनाएं भारतीय संस्कृति के वैभवशाली और शाश्वत सत्य को उकेरती है। परंपरा से गहरे जुड़े राकेश प्रगतिशील चेतना से भी आबद्ध हैं। डॉ पंकज ने राकेश के व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तार से बोलते हुए कहा कि उनकी कविता में प्रकृति, धरती, लोकास्था और परंपरा बोलती है। राकेश जी भाषा और भाव संपन्न लेखक थे। उनके शिल्प आकर्षक और अनूठे हैं। उनकी कई कविताएं महाकाव्यात्मक भाव और शिल्प से सुसज्जित हैं। उन्होंने कभी स्वाभिमान, भारतीयता और संस्कार विरुद्ध कोई समझौता नहीं किया। डॉ रामेश्वर द्विवेदी ने कहा कि सौंदर्य बोध, राष्ट्रीयता और खड़ी बोली हिन्दी की मसृणता के अंतिम पूर्ण विराम के बाद हिन्दी की जो स्वच्छंदतावादी काव्य धारा प्रगतिशील तत्वों की सजीवता के साथ प्रवाहित हुई - राकेश जी उस धारा के द्वीप कवि हैं जिन्होंने मिट्टी की सुगंध और जन जीवन के पीड़क संघर्ष को अपने काव्य में प्रतिस्थापित किया है। डॉ ब्रजभूषण मिश्र ने कहा कि महाकवि राकेश नहीं केवल छायावादी कवि थे बल्कि लोक साहित्य मर्मज्ञ भी थे। उनके लोक साहित्य पर किए गए कार्य के बारे में पूर्वी क्षेत्र के लोक साहित्य के विद्वान पंडित गणेश चौबे ने शांति निकेतन के 11वें इंडियन फोकलोर कांग्रेस में बताया था। मैथिली लोक साहित्य पर राकेश जी ने बहुत श्रम साध्य कार्य किया है। अपने स्वागत संबोधन में राकेश जी के जामाता ब्रजभूषण शर्मा ने कहा कि मैंने उनके संग साथ में रहते हुए अपने समय के बड़े-बड़े साहित्यकारों को देखने का अवसर प्राप्त किया है। वे साहित्य के लिए संपूर्णतः समर्पित थे और दिन-रात उसी की चिंता तथा चिंतन में डूबे रहते थे। आयोजन में डॉ अनु, ब्रजभूषण शर्मा,मधुमंगल ठाकुर, प्रेमभूषण, सुधांशु राज,माला कुमारी, राकेश कुमार सिंह, संतोष पाठक, चैतन्य चेतन, शांतनु ने भी विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ केशव किशोर कनक ने किया।

# नागेंद्र झा स्टेडियम में जिला मैराथन रन 2024 आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के एनएसएस कोषांग एवं कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के एनएसएस कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में रेड रिबन क्लब एवं बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के सौजन्य से दरभंगा जिला मैराथन रन 2024 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डॉ. नागेंद्र झा स्टेडियम में दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत मैराथन रन से हुई एवं दूसरे सत्र में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. बिनोद बैठा, समन्वयक एनएसएस, लनामिवि एवं डॉ. सुधीर कुमार झा, समन्वयक केएसडीएसयू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ बैठा ने कहा कि एड्स को लेकर सामाजिक जागरुकता फैलाने में रेड रिबन क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना से आमंत्रित रिसोर्स पर्सन राहुल कुमार सिंह एवं अभिषेक कुमार ने कार्यक्रम के संयोजन हेतु साधुवाद प्रेषित करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के चरित्र निर्माण में सहायक एवं जानकारी व जागरूकता को एड्स से बचने का उपाय बताया। कार्यक्रम में दोनों ही विश्वविद्यालयों के अंतर्गत अंगीभूत कॉलेजों के एन एस एस इकाई के अधिकारी डॉ. त्रिलोक झा ,डॉ राम कुमार झा,डॉ मुकेश प्रसाद निराला एवं डॉ सुभाषचन्द्र प्रसाद, डॉ सुबोध चन्द्र यादव, डॉ अविनाश कुमार, डॉ नरेन्द्र कुमार नीरज,डॉ सुनीता कुमारी, डॉ संगीता कुमारी, डॉ राजीव कुमार कर्ण, आदि ने अपनी सहभागिता दी।

# कमला नदी के पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बांधों की विफलता का शीघ्र पता लगाने और रोकथाम के लिए बांधों का नियमित संचालन रखरखाव और निरीक्षण महत्वपूर्ण है जरूरी। यह बात बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल दू झंझारपुर कार्यपालक अभियंता गुलाम गौस ने कमला नदी के पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध के निरीक्षण के दौरान कहा कि नेपाल में हो रही लगातार वर्षा के कारण कमला नदी का जलस्तर जयनगर का 69.60 का लेबल टच किया था। जबकि खतरे का निशान 67.75 था। वही झंझारपुर में 51.80 का लेवल टच किया जबकि खतरे का निशान सावधान 50 90 होने के बावजूद भी सभी तटबंधों सुरक्षित है। विभाग के द्वारा कमला नदी के जलस्तर को देखते हुए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जल संसाधन विभाग का मोबाइल एम्बुलेंस 24 घंटे हाई अलर्ट पर मौजूद है। आपदा को देखते हुए किसी भी आपातकाल स्थिति कि जरूरतमंद वास्तु एवं सूचना तंत्र के माध्यम से मोबाइल एम्बुलेंस सभी तटबंधों पर पहुंच जाएगा। वही कमला नदी के सभी तटबंध पर प्रति किलोमीटर पर निगरानी रखने के लिए तटबंध निरीक्षण आदमी की नियुक्त कर सभी तटबंधों की निरीक्षण करके विभाग के द्वारा लगातार सूचना आदान-प्रदान करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। माना जा रहा है की जुलाई महीने का मानसून पिक लगभग आकर चला गया है। आने वाला समय में कमला नदी के जलस्तर में सामान्य से ऊपर बढ़ोतरी हो सकती है मगर बाढ़ जैसी विपदा आने की कम उम्मीद है। मगर विभाग के द्वारा पूरे मानसून भर कमला नदी के सभी तटबंधों पर निगरानी करते हुए तटबंध के मजबूती रखरखाव देखरेख सहित अन्य आधारभूत सुविधा पर विभाग की कड़ी नजर है। नदी से प्रभावित होने वाले ग्रामीण इलाकों पर विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों से मिलकर किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूर्णता तैयार है। वर्तमान में पश्चिमी तटबंध पर सड़क निर्माण का कार्य एजेंसी के द्वारा जारी है अतिक्रमण की कुछ समस्या होने के कारण थोड़ी सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले समय में अतिक्रमण हटाकर पश्चिमी तटबंध पर सड़क निर्माण कार्य होगा।

# विश्व कौशल दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता में सफल छात्र - छात्राओं को किया पुरस्कृत



प्रात : किरण संवाददाता

बिभुतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या 05 राम टोल प्राथमिक विद्यालय में विश्व कौशल दिवस के अवसर पर कविता पाठ, भाषण, गीत तथा डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार कर रहे थे। वही मुख्यातिथि निवर्तमान प्रखंड प्रमुख रूपांजली कुमारी, पर्यावरण सेवी रामनाथ सिंह, समाजसेवी मनोज कुमार सफल किसान सह जीव जन्तु प्रेमी जनार्दन प्रसाद आजाद, पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव प्रसाद सिंह के हाथो इच्छा कुमारी, शिवानी कुमारी, मोङ्क आतिव, रियांश कुमार, प्रिंस कुमार, रितेश कुमार, पार्वती कुमारी, रितु कुमारी, आफरी प्रवीन, सहजादि प्रवीन सरयु गुप्ता, प्रवीन, शिवम कुमार, विभा कुमारी, सिंधू कुमारी, वाहिद हुसैन, प्रीतम कुमार, आदि कई दर्जन बच्चो को पुरस्कृत किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विजय कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापक, सुनीता कुमारी वरीय शिक्षक, कालानंद कुमार, रानी कुमारी, अर्जुन कुमार, रंजीत कुमार अध्यक्ष पूजा कुमारी, सचिव बबिता कुमारी सराहनीय भूमिका निभाई।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई : एसडीएम

प्रात : किरण संवाददाता



बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ा थाना पर रविवार की शाम मुहर्रम पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक एसडीएम शंभूनाथ झा एवं एसडीपीओ आशुतोष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। एसडीएम ने कहा कि सोशल मीडिया एवं उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य पुलिस प्रशासन को उपद्रवी तत्वों के बारे में सूचना समय पर देंगे, तो त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अफवाह फैलाने वाले लोगों से सभी को बचाना है, जिससे किसी भी अनहोनी को टाला जा सके। घातक हथियार एवं डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है। इसीलिए हर हाल में डीजे नहीं बजाया जाएगा। यदि किसी भी स्थिति में डीजे बजाया गया, तो कमेटी के साथ-साथ डीजे संचालक पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। एसडीपीओ ने इस दौरान कहा कि प्रशासन इस बार पूरी तरह सतर्कता बड़तेगी। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य प्रशासन को पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे, तो शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में मुहर्रम का जुलूस संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य को आपसी भाईचारा में करने की आवश्यकता है। इस मामले में यदि कोई उपद्रव करते हैं तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। बड़ा शो चंद्रकांत गौरी ने इस दौरान सभी सदस्यों के सवाल का बारी-बारी से जवाब दिया उन्होंने कहा कि इस बार सभी मोहर्रम कमेटी को समय से लाइसेंस उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रत्येक कमेटी में 20 सदस्य का आधार एवं मोबाइल नंबर देना अति आवश्यक है। बैठक में प्रखंड प्रमुख, नगर परिषद के मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद राजीव कुमार ठाकुर, बीपी सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अब जात पात, स्वार्थ व भ्रष्टाचार की राजनीति नहीं चलने वाला है : सांसद

## भाजपा द्वारा मतदाता अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित किया

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा ।गौड़ाबौराम विधानसभा क्षेत्र के पड़री गांव के सती स्थान परिसर में भाजपा के मतदाता अभिनंदन समारोह मंडल अध्यक्ष शिवकांत सहनी के अध्यक्षता आयोजित किया गया। जिसमें दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किए। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि 2024 का चुनाव विपक्षी दलों के अफवाहों के खिलाफ भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विजय प्राप्त की है। गौड़ाबौराम विधानसभा क्षेत्र के मतदादाओं ने पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बहुमत देकर साबित कर दिया है कि अब जात पात, स्वार्थ और भ्रष्टाचार की राजनीति नहीं चलने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदताओं ने धनबल, बाहुबल और झूठ फरेब की राजनीति करने वालों को करारा जवाब दिया है। कोशी और कमला बलान के बीच में अवस्थित गौड़ाबौराम और किरतपुर का आजादी के बाद पहली बार विकास कार्य धरातल पर हो रहा है और इसका प्रमुख उदाहरण है कोशी नदी में पकरिया और मुसहरिया के निकट हाई लेवल पुल और बौराम घाट पर कमला बलान नदी पर हाई लेवल पुल।विदित हो कि केवल इन तीनों स्थलों पर 100 करोड़ से अधिक की राशि से पीएमजीएसवाई योजना से पुल निर्माण किया जा रहा है और गौड़ा बौराम विधानसभा में इसके अतिरिक्त छः दर्जन से अधिक हाई लेवल ब्रिज सहित 100 किलोमीटर से अधिक पीएमजीएस सड़क का निर्माण हो रहा है। मौके पर रामप्रकाश पोद्दार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किए। समारोह को विनय कुमार पासवान, रंजीत सिंह, उमेश चौधरी, बृजनंदन मुखिया, रामविलास भारती, शत्रुधन सहनी, माधव कुमार चौधरी, मणिकांत मिश्र, इंद्रेश झा, घनश्याम राय ,पुरण चौधरी, रामप्रकाश पोद्दार, रंजीत झा,प्रदीप प्रधान,कपिलदेव शर्मा, सुरेश साहू, शुभम मिश्र, रामप्रवेश चौपाल, गंगा पासवान, सोनू सिंह, कन्हैया झा, तिरपित यादव, नीतिश शर्मा, निर्गुण यादव, शिवशंकर चौधरी, गोपाल झा, वीरेन्द्र सिंह, रामचंद्र सहनी, चन्दन झा सहित कई भाजपा नेताओं सम्बोधित किए।

# बंदियों की रिहाई व जमानत को लेकर अंडरट्रायल रिव्यू कमिटी की हुई बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार बंदियों की रिहाई व जमानत को लेकर अंडरट्रायल रिव्यू कमिटी की बैठक जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने नालसा गाईडलाईन के अनुरूप चयनित बंदियों के नाम को कमिटी के समक्ष अनुशंसा हेतु प्रस्तुत किया ।कमिटी द्वारा विचार करने के पश्चात चयनित बंदियों के मामलों में नियमानुसार जमानत पर रिहाई हेतु सिफारिश किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में वर्ष 2024 का द्वितीय अंडरट्रायल बंदियों को निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराने हेतु अभियान चलाया गया है, जो कि 5 जुलाई से 30 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान चयनित बंदियों को निःशुल्क विधिक सेवा मुहैया कराकर न्यायालय के माध्यम से जमानत अथवा रिहाई कराने का कार्य किया जाएगा।

# अनुमंडलीय अस्तपताल को 19 इंडिकेटर में किये गये कार्यो का किया मूल्यांकन

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा द्वारा जिला सभागार में समीक्षात्मक बैठक के दौरान जिला के 21 पीएचसी सीएचसी एव रेफरल अनुमंडलीय अस्तपताल को 19 इंडिकेटर में किये गये कार्यो का मूल्यांकन किया गया.इस मूल्यांकन के आधार पर पूरे जिले के सीएचसी में से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र खजौली प्रथम स्थान प्राप्त किया है. सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतिंद्र नारायण ने बताया कि खजौली सीएचसी में वर्ष 2023 - 024 में सीएचसी के सभी डॉक्टर एव कर्मियों के सहयोग से पोषक क्षेत्र से आये मरीज को प्रालिंग एचडब्लूसी फैमली प्लानिंग भव्या ई टेलीमेडिसिन एनसीडी डीभीडी एमएस अनमोल आरसीएच प्रशव भव्या कार्यक्रम के तहत ओपीडी इंडोर ईमर्जेन्सी नरसिंह डेस्क लाइव नियमित टीकाकरण एफआई सीआई एचएमआईएस के तहत कुल गभवत्ति माताएँ प्रथम तिमाही जांच चतुर्थ एएनसी जाँच आयरन फॉलिक कैल्शियम दवा वितरण आयुषमान भारत कार्ड जेनरेट एव पात्र लाभार्थी का इलाज,एबीडीएम(एस एण्ड एस) चाईल्ड हेल्थ, मेटरनल हेल्थ,एबी पीएम जेएसवाई के तहत अन्य सभी कार्यक्रम को सुचारू रूप से कार्य करने पर जिला पदाधिकारी द्वारा खजौली सीएचसी को प्रथम स्थान रैंक दिया गया है. वही जिला पदाधिकारी द्वारा खजौली सीएचसी को प्रथम स्थान रैंक प्राप्त करने से सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने हॉस्पिटल में आये मरीजों को बेहत्तर ईलाज को लेकर 24 घंटे सेवा में त्तपर रहते है. वही सीएचसी को प्रथम रैंक हासिल करने पर डॉक्टर,हेल्थ मैनेजर, एएनएम,जीएनएम सहित सभी स्वास्थ कर्मी में खुशी जाहीर।

## संक्षिप्त खबरें

### वेबसाइट पर विद्यालय के नाम गलत अंकित रहने के कारण स्कूली बच्चों सहित अभिभावकों को हो रही परेशानी

जमुई [ झाझा ] वेबसाइट पर विद्यालय के नाम गलत अंकित रहने के कारण स्कूली बच्चों सहित अभिभावकों को हो रही परेशानी को देखते हुए शिक्षा समिति अध्यक्ष जिला परिषद धर्मदेव यादव ने शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा पटना, क्षेत्रीय उपनिदेशक मुंगेर एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी जमुई को पत्र लिखकर विद्यालय के नाम सुधरवाने की मांग किया है शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को लिखे गए पत्र में उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र स्थित प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय कानन की जगह बीएसईबी के वेबसाइट में कानन की जगह काकन अंकित हो गया है। इस तकनीकी , लिपिकिय भूल से स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों की परेशानी बढ़ी हुई है। इसलिए वेबसाइट में विद्यालय का नाम सुधार कर कानन अंकित किया जाए।

### रात व दिन में बिजली गुल रहने से लोग हो रहे परेशान

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या से लोग बेहद परेशान हैं। इन दिनों गर्मी में लोग लगातार विद्युत समस्या से जूझ रहे हैं। अनियमित विद्युत आपूर्ति उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। विभाग भले ही पर्याप्त विद्युत आपूर्ति का दावा कर रही है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। बिजली की आंख-मिचौली से भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कभी पावर फेल तो कभी फाल्ट सहित सटडाउन की समस्या का कर्मियों के द्वारा बहाना बनाया जाता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पावर फेल व लोकल फाल्ट का बहाना बनाकर लगभग 15 से 20 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। बिजली गुल होने पर अक्सर विभाग के कर्मी पावर फेल, फाल्ट व सटडाउन का हवालात देते हैं। प्रखंड क्षेत्रों में अक्सर दिन में बिजली बाधित रहने से जहां बिजली आधारित छोटे-मोटे उद्योग प्रिटिग मशीन, आटा-चक्की, वेल्डिग वर्क शाप सहित कैफे के अलावा कई अन्य प्रतिष्ठान के संचालकों को काफी परेशानी हो रही है। जबकि रात के समय बिजली गुल रहने से लोग इस गर्मी में रतजगा करने को विवश हो रहे हैं। भीसन गर्मी में बिजली नहीं रहने से लोग अधिक मात्रा में बीमार होते जा रहे है। विद्युत आपूर्ति के वर्तमान स्थिति के कारण उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

# मौरा बालू बंदोबस्ती का पब्लिक ओपिनियन बैठक की सूचना को छुपना बड़ी भ्रष्टाचार : बाबू साहब

## बालू बंदोबस्ती को लेकर होना था पब्लिक ओपिनियन पदाधिकारी द्वारा सूचना को छुपाना जनता के साथ धोखा : किसान नेता

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई/गिद्धौरः- प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में मौरा बालू घाट के बंदोबस्ती के लिए मौरा बालू घाट के आसपास के राजस्व गाँवो के लोगो और जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अध्यक्षता में लोक सुनवाई होना था कि बालू उठाव से उत्पन्न होने वाले पर्यावरण संकट पर चर्चा होने था। जनता की विचारों का वीडियो रिकॉर्डिंग कर विभाग को भेजना था ।लेकिन बालू ठीकेदार का शासन और प्रशासन पर मजबूत पकड़ के वजह से जनता को इस लोक सुनवाई कार्यक्रम में जनता की भागीदारी नहीं हो इसके लिये प्रशासन के तरफ से सारी बंदोबस्त किया गया। यहां तक कि गिद्धौर अंचल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी इस बैठक की सूचना नहीं लगाया गया। मौरा बालू घाट के आसपास के गांवों के लोगों को भनक तक नहीं लगने दिया गया। ठीकेदार और पदाधिकारी के आपसी तालमेल की कहानी तब और प्रमाणित हो जाता जब इस बैठक की जानकारी को लेकर भाकपा माले नेता बाबू साहब सिंह ने दूरभाष से गिद्धौर के अंचलाधिकारी आरती भूषण से जब फोन कर बैठक की सूचना पूछते है तो वह साफ साफ शब्दों में कहते हुए पाए जाते है कि इस तरह की बैठक अंचल सभागार में नहीं। गिद्धौर के माइनिंग इंसक्पेक्टर मिथुन कुमार तो कहते है कि हमें मालूम नहीं है बैठक के बारे में और तो और हम गिद्धौर में पोस्टेड भी नहीं हुँ। जबकि वो भी इस बैठक में मुँह छुपाए पाये गए। इस तरह के नुका छुपी का खेल कर बैठक से लोगों को दिग्भ्रमित कर बैठक से जनता को अलग रखना और ठेकेदार अपने मुंसी को बैठा कर लोक सुनवाई कार्य को पूरा करना सग्गिंन अपराध और भ्रष्टाचार को जन्म देता है। जनता को पदाधिकारी द्वारा सूचना नही देना और उल्टे उसे दिग्भ्रमित कर सुनवाई कार्य पूरा करने वाले पदाधिकारी को बर्खास्त किया जाना चाहिय और बैठक में शामिल होने वाले लोगो के गाँव और प्रखण्ड की सूचना प्रकाशित करे जनता को बैठक से दिग्भ्रमित करने वाले पदाधिकारी पर कठोर करवाई नही होगा तो इसके खिलाफ किसान सड़क पर इन सारे सवालों को उठाते हुए आंदोलन को तेज करेंगे वही किसान नेता कुणाल सिंह मौरा बालू घाट बन्दोबती की सूचना ग्रामीणों को नही देना लोक सुनवाई की बैठक का सूचना नोटिस बोर्ड पर नही होना पदाधिकारी और ठेकेदार के साथ तालमेल को दरसाता है इसको लेकर जिला पैमाने पर बड़ी आंदोलन किया जाएगा।

# डीएसएम कॉलेज में समस्या समाधान के लिए लगाया हेल्प डेस्क



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के कार्यकताओं ने डीएसएम कॉलेज झाझा में समस्या समाधान के लिए हेल्प डेक्स लगाया। जिसकी अगुआई नगर कार्यकारिणी सदस्य सतीश कुमार सिन्हा ने की। मौके पर नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि वर्तमान समय में कॉलेज कैंपस में सेमेस्टर 2024-28 की पंजीयन की प्रक्रिया तथा 2023-27 की परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता फार्म भरने में कोई त्रुटि न रह जाए इसका बखूबी ख्याल रखते है। नए छात्रों को कैंपस से अवगत कराने के लिए भी कार्यकर्ता उन्हें मदद करते हैं ताकि वह अपना विभाग एवं कॉलेज परिसर को जानबूझ सके। उन्होंने आगे बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आनन्दमयी कैम्पस हो इसपर जोर दिया है। परिषद् अनवरत चलने वाला विद्यार्थियों का संगठन है।365 दिन कार्यकर्त्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती ने कहा कि विद्यार्थी परिषद स्थापना कल से ही छात्र हित व राष्ट्र हित के लिए कार्य करते आ रही है। कॉलेज कैंपस से लेकर देशव्यापी बड़े से बड़े समस्याओं के समाधान के लिए परिषद के कार्यकर्ता आगे आते हैं तथा रचनात्मक व आंदोलन के मध्यम से उसका हल करते हैं। आज विद्यार्थी परिषद् न केवल भारत का बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र-संगठन है। मौके पर नगर कार्यकारिणी सदस्य नीतीश केशरी, सुधांशु कुमार , आनन्द कुमार आदि मौजूद रहें।

# खेती किसानी-धान रोपनी में आई तेजी बारिश नही होने से किसानों की बढ़ी चिंता



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- जिले में कुछ दिनों से कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश के बाद किसानों के खेत धान के लिए लगाए गए बिचड़े तैयार हो गए हैं। हालांकि जिले में इतनी जोरदार बारिश भी नहीं हुई है कि लोगों के खेत में बारिश का पानी जमा हो। जिससे ज्यादातर किसान मोटर पंप के माध्यम से खेत पटवन कर धान की रोपाई के लिए खेत तैयार करने में जुटे हुए हैं। गौरतलब हो की एक सप्ताह बाद सावन महीना शुरू हो जायेगा। रोहिणी नक्षत्र में गिरे बिचड़े की खेती पिछड़ ना इसलिए किसान अब जल्द से जल्द रोपाई करना चाह रहे हैं। हालांकि पानी की कमी के चलते धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। वहीं खेत गिला रहने के चलते किसान मक्का,अरहर,मडुआ सहित अन्य फसल भी नहीं लग पा रहे हैं। गौरतलब हो कि जुलाई महीने के शुरूआत में मानसून की दस्तक के साथ ही किसानों के चेहरे खिल गए। जिले भर में कहीं हल्की,तो कहीं तेज बारिश हुई। वहीं,शनिवार की देर संध्या को हुई जोरदार बारिश के बाद किसानों ने धान रोपाई तेज कर दी है। इसके अलावा कुछ ग्रामीण इलाकों में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतें हुई, लेकिन कुल मिलाकर यह बारिश किसानों के लिहाज से बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। रविवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहें। वहीं शाम होते ही हल्की बूंदाबांदी के साथ ही बारिश शुरू हो गई।शाम को करीब 1 घंटे तक हल्की बूंदा बूंदी हुई, लेकिन इसके बाद में बारिश कुछ देर के लिए तेज हो गई। हालांकि इसके बाद भी रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। इससे मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। वहीं बारिश किसानों के लिए फायदेमंद सिद्ध हो रही है। वही बारिश के चलते से गिद्धौर बजार क्षेत्र के कई इलाकों में जल जमाव की स्थिति बनी रही।बाजार के गिद्धौर मिंटो टॉवर चौक बुढ़ानाथ मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर जल जमाव की स्थिति बनी रही। जिससे सड़क पर पैदल ही चलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## कुशल युवा केंद्र बिहार में प्राप्त किया प्रथम स्थान, निदेशक को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] विश्व युवा कौशल दिवस 2024 के अवसर पर जमुई जिला के झाझा प्रखंड कार्यालय में स्थित कौशल विकास केंद्र को पटना में आयोजित कार्यक्रम में बिहार में प्रथम स्थान पर चयनित किया गया। जिसको लेकर बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के द्वारा केंद्र निदेशक सुनील कुमार को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्य सरकार के सात निश्चयों में एक आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन अंतर्गत संचालित कुशल युवा केंद्र में झाझा के केंद्र का भी चयन हुआ। पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले केंद्र के निदेशक ने बताया कि इस केंद्र का एक मकसद है कि जो भी छात्र -छात्रा केंद्र में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते है उन्हे पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षा दिया जाए ताकि वे अपना उज्जवल भविष्य को बना सके। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर का ज्ञान हर बच्चों को कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जाता है।

# ई-रिक्शा और ऑटों की भीड़भाड़ से आए दिन स्टेशन के मुख्य द्वार पर लगे रहते हैं जाम

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] झाझा रेलवे स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा और ऑटों की भीड़भाड़ से आए दिन जाम लग रहा है। जिससे रेल यात्रीयो और छात्राओं का भी आवागमन रहता है। जाम की वजह से ट्रेन पकड़ने बाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । रेल यात्रियों का कहना है यहां से ऑटो हटवाकर उसे अगर स्टैंड में लगाया जाए तो जाम से निजात मिल जाएगा है। सुबह और शाम के समय स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की भीड़भाड़ रहती है। इससे आवागमन करने में काफी परेशानी होती है। ऑटो चालक सड़क के बीचोंबीच वाहन को खड़ा कर देते हैं। जिससे यात्री व स्कूली विद्याथियों को दिक्कत उठानी पड़ती है। लोगों का आरोप है कि रिक्शा चालक सवारी भरने के लिए उन्हें जबरन अपने वाहन में बैठाते की कोशिश करते हैं। अगर वे इसका विरोध करते हैं तो ई-रिक्शा चालक उनसे अभद्रता करने पर उतारू हो जाते हैं। स्टेशन के प्लेटफार्म पर जैसे ही ट्रेन आती है, उसी दौरान स्टेशन के बाहर जाम की स्थिति बनती है। जाम लगने के कारण यात्रियों को निकलने में परेशानी होती है। इस दौरान यात्री काफी मुश्किल से स्टेशन के बाहर और अंदर जा पाते हैं। किसी भी ट्रेन के आने पर यहां पर दस मिनट तक जाम की स्थिति रहती है। नहीं नजर आते है स्टेशन के बाहर पुलिसकर्मी स्टेशन के बाहर ऑटो की भीड़भाड़ रोकने के लिए पुलिस का कोई कर्मचारी नजर नहीं आता। आरपीएफ कर्मियों की ड्यूटी स्टेशन के बाहर तभी लगाई जाती है। जब कोई रेलवे का अधिकारी निरीक्षण के लिए स्टेशन में आते है। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी लगने से कोई भी ऑटो रिक्शा स्टेशन गेट पर नजर नहीं आता है। लेकिन निरीक्षण कर अधिकारी जैसे ही वापस जाते हैं। ड्यूटी हटा ली जाती है और फिर स्टेशन के बाहर की स्थिति खराब हो जाती है।

# अपशिष्टों को जलाना स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए खतरनाक: प्रो.गौरीशंकर

## कचरा भस्मीकरण पर रोक एवं बायोगैस बनाना आवश्यक

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुईः-कचरा भस्मीकरण विरोध दिवस पर के के एम कॉलेज जमुई स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में एक परिचर्चा कार्यक्रमकिया गया। मौके पर बोलते हुए स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि कचरा को जलाना स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बहुत ही खतरनाक है। कचरा वैश्वीकरण के इस युग में प्रदूषण फैलाने वाली प्रक्रिया साबित हुई है। क्योंकि कचरा जलाने पर कई हानिकारक रसायन और प्रदूषण निकलते हैं, जो पर्यावरण को प्रदूषित कर मनुष्य को कई प्रकार से हानि पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि कचरा भस्मीकरण विरोध दिवस जागरूकता का दिन है, जो कचरे को जलाने की मनाही करता है और उसके उचित प्रबंधन करने की गुहार लगाता है। आज ही के दिन 15 जुलाई को सेवन इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएटिंग कमेटी (आईएनसी- 7) ने स्टॉकहोम कन्वेंशन के मद्देनजर बैठक की थी और अपनी रिपोर्ट सभी देशों को जारी की थी। उन्होंने ने कहा कि वठएढ के अनुसार कचरा भस्मीकरण से लगभग 70% डाइऑक्सिन गैस निकलती हैं, जो पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं। राजनीतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अजीत कुमार ने कहा कि कहा कि कचरा जलाने की प्रथा बंद होनी चाहिए. कचरा जलाने से स्वस्थ और पर्यावरण को क्षति पहुंचती है.भारत में 6.20 करोड़ टन कचरे का उत्पादन होता है। 65 लाख प्लास्टिक कचरा ,1.2 लाख जैव चिकित्सा, 79 लाख खतरनाक अपशिष्ट, 15 लाख टन ई कचरा निष्काशित होता है। इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यार्थ प्रकाश ने कहा कि कचरा को जलाने से उसका रीसाइकलिंग करना अच्छा होता है ।अमेरिका में कूड़ा फेंकने पर $ 500 का अर्थदंड है। पार्क और सड़क पर कूड़ा कचरा फेंकने पर $1000 जुमार्ना या 1 साल जेल का प्रावधान है। ब्रिटेन में 25000 डॉलर का अर्थदंड है। अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सरदार राम ने कहा कि कूड़ा कचरा या अपशिष्ट को जलने के बजाय जमीन के अंदर गड्ढा में गाड़ देना उचित होता है। क्योंकि कुआं कचरा जलाने से खतरनाक रसायन और गैस निकलती हैं, जो मनुष्य के लिए हानिकारक होता है। भारत को भी यत्र तत्र कचरा फैलाने और जलने वालों पर लगाम कृष्णा चाहिए और दंड का प्रावधान कड़ाई से लागू करना चाहिए। कार्यालय सहायक रविश कुमार सिंह एवं सुशील कुमार ने कहा कि अपशिष्टों को जलाना खतरनाक विकल्प है। पंजाब, हरियाणा में कूड़ा कचरा भस्मीकरण का खजियामा दिल्ली को आज भुगतना पड़ रहा है। अब समय आ चुका है कि भारत सहित पूरे विश्व को कचरा का भस्मीकरण बंद कर देना चाहिए। कचरे को गड्ढे बनाकर जमीन में गाड़ देना चाहिए, ताकि यह उपजाऊ खाद बनकर तैयार हो जाए। बायोमास से हम बायोगैस भी बना सकते हैं, जो ऊर्जा का एक साधन है। कचरा भस्मीकरण विरोध दिवस हमें इसका सही प्रबंधन सीखाता है, ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ और शुद्ध बना रहे। मौके पर कई शिक्षक,कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे।

# गुप्त सूचना के आधार पर सोनो दिशा से शराब से भरी एक कार को पुलिस ने किया जब्त



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सोहजाना मोड़ के पास से एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। दरअसल थानाध्यक्ष संजय सिंह को सोनो दिशा से शराब से भरी एक कार झाझा दिशा में भागने की गुप्त सूचना मिली । जिसके बाद एलटीएफ पदाधिकारी संजय कुमार, एसआई नंदन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस जवान एनएच 333 स्थित सोहजाना मोड़ पहुंचा। वही सामने से तेज गति से आ रही कार पुलिस को सोहजाना मोड़ के पास देखकर पुलिस से बचकर अपना वाहन तेज गति से लेकर भागने की कोशिश किया लेकिन वाहन सड़क किनारे एक पेड़ में जा टकराया जिसके बाद चालक रात्रि का फायदा उठाकर शराब से भरे वाहन को छोड़कर भागने में सफल रहा। जिसके बाद शराब से भरे कार को पुलिस ने जब्त किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि देर रात्रि में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। वही शराब से भरे कार की तलाशी ली जाने पर कार से अलग अलग ब्रांड का कुल 408 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ है जिसकी कीमत एक लाख 20 हजार बताया गया। फिलहाल पुलिस जब्त कार के आधार पर वाहन मालिक का पता करने में जुटी हुई है और जब्त शराब , कार पर कागजी प्रकिया में जुटी हुई है।

# कुलपति बने उच्च शिक्षा क्षेत्र में विचाराधीन विभिन्न विषयों पर परामर्श प्राप्त करने हेतु गठित समिति के सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा को उच्च शिक्षा क्षेत्र में विचाराधीन विभिन्न विषयों पर परामर्श प्राप्त करने हेतु गठित तीन सदस्यीय समिति में स्थान दिया गया है। समिति का गठन गत 12 जून को मंत्री शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में सभी कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयानुसार का गठन किया गया है। इसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा एवं भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति को सदस्य बनाया गया है। समिति के समन्वयक का कार्य उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा यथा आवश्यक किया जाएगा। इस अत्यंत महत्वपूर्ण कमिटी में बीएनएमयू के कुलपति प्रो. बी. एस. झा को स्थान देने पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सबों ने इसके लिए बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के पूर्व जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि समिति द्वारा शिक्षा विभाग को विभिन्न विषयों पर परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें मुख्यतः अकादमिक विषय, वित्तीय विषय एवं प्रशासनिक विषय शामिल हैं। इसके अलावा चौथे अन्य विषय जो संदर्भित किये जाएंगे उनपर भी सुझाव दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अकादमिक विषय के अंतर्गत सिलेबस की समीक्षा अनुपयोगी विषयों को हटाने एवं नये प्रासंगिक विषयों को जोड़ने पर सुझाव, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति को प्रोत्साहित करने के उपाय, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग एवं उसे बढावा देना, पीएच. डी. स्तर के शोध को बढ़ावा देना एवं जनोपयोगी बनाना तथा विविध वोकेशनल एवं प्रोफेशनल कोर्सेज के संचालन पर परामर्श एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के संबंध में मार्गदर्शिका शामिल है। उन्होंने बताया कि वित्तीय विषय में विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन से, वैधानिक कटौतियों के संबंध में मंतव्य, विश्वविद्यालयों में वित्तीय अनुशासन की स्थापना तथा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संचालित खातों को संख्या एवं आवश्यकता पर परामर्श है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक विषय के अंतर्गत फीस की प्रतिपूर्ति के तरीकों पर सुझाव, विषय एवं छात्रों के आधार पर शिक्षकों के पदस्थापन का युक्तियुक्तकरण (रैशनलाइजेशन), अप्रासंगिक पदों को सरेंडर किया जाना तथा नए आवश्यक पदों का सृजन तथा विश्वविद्यालय के सत्रों को नियमित करने के उपाय शामिल हैं।

# एएनएम संघर्ष मोर्चा ने हड़ताल के 9 वें दिन सीएचसी के समक्ष किया धरना प्रदर्शन सभा

प्रात : किरण, संवाददाता




खगड़िया। बिहार संविदा एएनएम संघर्ष मोर्चा के बैनर तले अलौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल के 9 वें दिन धरना प्रदर्शन सभा किया गया, जिसका नेतृत्व ऑल इंडिया मिशन ट्रेड यूनियन, ऐम्टू के अध्यक्ष सह संघर्ष मोर्चा के जिला संरक्षक किरण देव यादव एवं संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रूपम कुमारी ने किया। प्रदर्शन में एएनएम कार्यकताओं ने अपने मांगों के बाबत जमकर नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए संघर्ष मोर्चा के संरक्षक किरण देव यादव ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा एएनएम का फेस अटेंडेंस दिन में तीन बार लिया जाता है जो अव्यावहारिक, तानाशाही एवं सौतेलापन व्यवहार तथा तुगलकी फरमान है जिसकी कड़ी आलोचना करते हैं। श्री यादव ने फेस अटेंडेंस प्रक्रिया पर रोक लगाने, 5 माह से लंबित मानदेय भुगतान करने, सरकारी सेवक घोषित करने, समान काम का समान वेतन देने, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, विशेष व मातृत्व अवकाश देने, एवं अनुकंपा का लाभ देने, स्थाईकरण करने, आदि मांग सरकार से किया। जिला अध्यक्ष रूपम कुमारी ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हड़ताल आंदोलन जारी रहेगा। जिला सचिव सोनाली कुमारी ने कहा कि हम सभी एएनएम संगठित होकर अपने अधिकार के प्रति जागरूक होकर संघर्ष तेज करेंगे। प्रखंड सम्मेलन आयोजित इधर, सीएचसी सभागार में एएनएम का प्रखंड सम्मेलन मोर्चा के जिलाध्यक्ष रुपम कुमारी के पर्यवेक्षण में किया गया, जिसमें जिला संरक्षक किरण देव यादव, प्रखंड अध्यक्ष सोनाली कुमारी, उपाध्यक्ष कंचन कुमारी, अभिलाषा कुमारी, सचिव स्वाति कुमारी, संयुक्त सचिव प्रिया कुमारी , कोषाध्यक्ष लाडली कुमारी, सह कोषाध्यक्ष आरती कुमारी को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यक्रम में चित्रलेखा, बाबी, सुडलू, नेहा, अलका, सुप्रिया, बंदना, कविता, लक्ष्मी आदि ने भाग लिया।

# सिंहेश्वर स्थान पहुंचे बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार बबलू



प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज सिंह बबलू सिंहेश्वर स्थान मंदिर पहुँचे। जहां उनके साथ उनकी धर्म पत्नी सह पूर्व एमएलसी नूतन सिंह भी मौजूद रही। मंत्री ने बाबा सिंहेश्वर नाथ का षोडशोपचार विधि से पूजा की। इस दौरान उन्होंने आगामी श्रावण और भादो मास में सिंहेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त शौचालय, स्नानागार और शुद्ध पेयजल की विशेष व्यवस्था करवाने की भी बात कही। मंत्री ने कहा कि बिहार में प्रसिद्ध बाबा सिंहेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ती है। जिसको देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए दो माह तक महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग सुलभ शौचालय की विभिन्न जगहों पर व्यवस्था की जाएगी। साथ ही महिलाओं और पुरुषों के स्नान के लिए मीनी जल मीनार से झरना लगा कर व्यवस्था की जाएगी। साथ ही यहाँ आने वाले लाखों शिव भक्तों के लिए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए जगह जगह आरओ की व्यवस्था की जाएगी तथा पुरे दो माह तक किसी भी श्रद्धालु को बोतल का पानी नहीं खरीदनी पड़े, ऐसी व्यवस्था होगी।

# आज जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर मधेपुरा में करेंगे प्रवेश

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा ज़िले में जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर प्रवेश करेंगे। इस दौरान शहर के वार्ड संख्या 26 स्थित महावीर मंदिर चौक पर स्थानीय जनता से मुलाकात व जनसंवाद करेंगे। जन सुराज पदयात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर कपूर्री चौक, पानी टंकी चौक, आजाद टोला चौक होते हुए वार्ड संख्या 09 स्थित मधेपुरा कॉलेज के पास पहुंचेंगे जहां ये रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद प्रशांत किशोर जिले के मुरलीगंज और अन्य प्रखंडों में भी पदयात्रा करेंगे। बताया जा रहा है कि जिले में प्रशांत किशोर करीब 15 दिनों तक रहेंगे। इस दौरान लोगों से संवाद और जगह-जगह पदयात्रा करेंगे। प्रशांत किशोर पदयात्रा के जरिए लोगों को वोट की ताकत का एहसास दिलाएँगे। ताकि लोग शिक्षा और रोजगार के नाम पर वोट दें। प्रशांत किशोर बीते 21 महीनों से बिहार में पदयात्रा कर रहे हैं। 2 अक्टूबर 2022 को प्रशांत किशोर ने पश्चिमी चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से जन सुराज पदयात्रा की शुरूआत की थी। पश्चिम चंपारण से शुरू हुई पदयात्रा शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया, सहरसा से होते हुए मधेपुरा पहुंचेगी। आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर जिले के सभी प्रखंडों में पदयात्रा के माध्यम से जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम के लिए चला वैक्सीन ड्राइव

गया। इन्व्हीर क्लब आफ गया सनराइज की महिलाओं द्वारा कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीन लगाई गई है। क्लब के एडीटर डॉ मानसी राजपूत द्वारा जानकारी दी गई की सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सहयोग से ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल के छात्रायो को वैक्सीन का पहला डोज लगाया गया है।क्लब की अध्यक्ष डॉ तेजस्वी नंदन की देखरेख में चला ,यह वैक्सीनेशन डाइव। डॉ तेजस्वी नंदन ने बताया कि यह करविक वैक्सीन भारत की सर्वप्रथम भारत में निर्मित वैक्सीन है। आगे भी यह भी कहा की हम लोग आगे भी सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता एवं वैक्सीनेशन डाइव चलाएंगे,इस मौके पर क्लब की अन्य सदस्य मोजुद थी।

### भारतीय रेलवे ने स्टार्टअप्स फॉर रेलवे पहल के साथ नवाचार को बढ़ावा दिया

हाजीपुर। नवाचारों के माध्यम से रेलवे संचालन और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए, नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रेल मंत्रालय ने 13 जून 2022 को स्टार्टअप्स फॉर रेलवे पहल शुरू की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे नेटवर्क में परिचालन दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने केलिए भारतीय स्टार्टअप, एमएसएमई, व्यक्तिगत इनोवेटर्स, आरएंडडी संगठनों/संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों और उद्यमियों की विशेषज्ञता का लाभ उठाना है। जुलाई 2024 तक, भारतीय रेलवे के इनोवेशन पोर्टल पर नवाचारों में लगी कुल 1942 संस्थाओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें स्टार्टअप, व्यक्तिगत इनोवेटर्स, एमएसएमई, आरएंडडी संगठन और बहुत कुछ शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने नवाचार नीति के विभिन्न हितधारकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए सावधानी पूर्वक नियोजित कार्यशालाएँ/ बैठकें/वार्ता/ वीसी भी आयोजित की हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्टार्टअप/ इनोवेटर्स की अच्छी भागीदारी हुई है। रेल मंत्रालय को अब तक इनोवेशन पोर्टल पर खोले गए 28 समस्या विवरणों के लिए कुल 423 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। अब तक 15 समस्या विवरणों के लिए कुल 23 नवाचार परियोजनाएं प्रदान की गई हैं। 23 पुरस्कृत नवाचार परियोजनाओं का मूल्य लगभग 43.87 करोड़ रुपये है, जिसमें पात्र संस्थाओं को रेलवे के अनुदान का हिस्सा लगभग 10.52 करोड़ रुपये है।जिन समस्या विवरणों के लिए परियोजनाएं पहले ही प्रदान की जा चुकी हैं, उनमें भारी ढुलाई वाले माल वैगनों के लिए बेहतर इलास्टोमेरिक पैड का डिजाइन, नमक जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए हल्के वजन वाले वैगन, रेल तनाव निगरानी प्रणाली, सटीक निरीक्षण के लिए ट्रैक निरीक्षण प्रौद्योगिकियां, टूटी हुई रेल प्रणाली, ट्रैक सफाई मशीन, वीपीयू/पावर कार/एसएलआर में ऑडियो विजुअल अलार्म के साथ सेंसर आधारित लोड गणना उपकरण का विकास, सरलीकृत ओएचई कैंटिलीवर डिजाइन, त्वरित बिंदु लॉकिंग क्लैंप/सिस्टम, वायरलेस नेटवर्किंग के साथ भारतीय रेलवे के कोचों के लिए सेंसर आधारित आग/धुआं पहचान प्रणाली का विकास, भारतीय रेलवे पर बुक किए गए माल की सुरक्षा के लिए ई-सील प्रणाली, अनुचित दृश्यता और संचार की हानि के कारण शंटिंग के दौरान असुरक्षित स्थितियों से बचने के लिए तकनीकी समाधान का विकास, लोको पायलट और गार्ड को चेतावनी देना।

### लगातार हिट देकर निमार्ताओं निर्देशकों के साथ दर्शकों की डिमांड बने विक्रांत सिंह राजपूत



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिभाशाली अभिनेता फिटनेस आइकॉन विक्रांत सिंह राजपूत ने अपनी लगातार हिट फिल्मों के जरिए न केवल निमार्ताओं और निर्देशकों के बीच अपनी खास पहचान बनाई है, बल्कि दर्शकों के भी चहेते बन गए हैं। खास कर महिला दर्शकों में उनके लुक्स और अभिनय के साथ विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है।विक्रांत की हालिया रिलीज दो फिल्मों क्रमशः सास अठन्नी बहु रुपैया और सौतन ने टीवी चैनल पर उम्मीद से अधिक टीआरपी हासिल की। इसके बाद से दर्शकों के साथ निमार्ताओं और निर्देशकों के बीच उनकी डिमांड बढ़ी है। विक्रांत सिंह राजपूत की खास बात ये है कि फिल्म कोई भी हो, वे अपने बेहतरीन अदाकारी और डायलॉग से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहते हैं, जो बहुत समय बाद देखने को मिल रहा है। विक्रांत सिंह राजपूत की अदाकारी, उनकी डायलॉग डिलीवरी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने उन्हें इंडस्ट्री में एक भरोसेमंद नाम बना दिया है। उनकी फिल्मों की सफलता ने साबित कर दिया है कि वे दर्शकों की पहली पसंद बन चुके हैं। लोगों को ऐसा लग रहा है कि सास बहू आधारित फिल्में ज्यादा बन रही है।

# लोकसभा निर्वाचन -2024 में बेहतरीन कार्य करने वाले पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता




हाजीपुर । ऑफिसर अहंकार रहित होकर बेहतर तालमेल के साथ कार्य करें तो वे बड़े लक्ष्य को भी आसानी से पा सकते हैं। इसका एक ताजा उदाहरण हाल ही में संपन्न लोकसभा आम निर्वाचन कार्य के सफल संचालन का है। चुनाव के सफल संचालन में सिविल एडमिनिस्ट्रेशन और पुलिस एडमिशन एडमिनिस्ट्रेशन के सभी पदाधिकारी, कर्मियों, गार्ड और कार्यालय परिचारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एक सम्मिलित प्रयास से ही लोकतंत्र का महापर्व चुनाव संपन्न हो सका। जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा शनिवार को जिला अतिथि गृह, हाजीपुर में लोकसभा चुनाव में बेहतरीन कार्य करने वाले पदाधिकारियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव किसी भी पदाधिकारी के लिए उसकी प्रशासनिक दक्षता को प्रमाणित करने का एक अवसर होता है। किसी भी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सबकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए संतोष की बात है कि हमारे एकजुट प्रयास से इस बार वोटर टर्नअप रेट में बढ़ोतरी हुई है इसके लिए उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय ने कहा कि चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था की कोई भी दिक्कत नहीं आई। चुनाव दौरान वीवीआईपी मूवमेंट भी हुआ। लेकिन नागरिक प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने बेहतर तालमेल का परिचय देते हुए चुनाव को सफलतापूर्वक पूरा कराया। एक-एक कर्मियों के सहयोग से सफलता मिली है। अपर समाहर्ता श्री बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि हमलोगों ने जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में उनसे प्रेरित होकर लोकतंत्र के महापर्व को संपन्न कराया। काम आसान नहीं था। लेकिन जिला पदाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन से हमलोगों के लिए कठिन कार्य भी आसान हो गया।

उप विकास आयुक्त श्री शम्स जावेद अंसारी ने कहा कि वैशाली जिला में तीन चरण में चुनाव हुआ। जिला पदाधिकारी की अभिप्रेरणा से यह सुचारू ढंग से संपन्न हुआ। साथ ही वीटीआर भी बढ़ा। उन्होंने कहा कि कार्य के बाद मिलने वाले प्रशस्ति-पत्र वस्तुतः प्रेरणा-पत्र होते हैं,, जो वर्षों बाद भी याद रह जाते हैं। सम्मान समारोह में जिला पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त सहित जिला स्तर, अनुमंडल स्तर तथा प्रखंड स्तर के कई पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन एसडीसी कुमार अनुज ने किया। इस अवसर पर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, डीएसपी, एसडीएम, एसडीपीओ, डीसीएलआर, सभी प्रखंडों के बीडीओ,सभी अंचलों के सीओ, सभी थाना प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कंडी नवादा टी ओ पी का किया गया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।शहर के गया पटना रोड के कंडी गांव मे वरीय पुलिस अधीक्षक आशिष भारती, गया के द्वारा चंदौती थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडी नवादा टीओपी का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, गया, पुलिस उपाधीक्षक थानाध्यक्ष चंदौती एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी,कर्मी मौजूद रहे हैं।

इस टीओपी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं बल डायल 112 की मोटरसाइकिल ई आर भी के साथ प्रतिनियुक्त रहेंगे तथा अपने क्षेत्र में तुरंत रिसपोंस देंगे एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। पुलिस जनता की रक्षा अभियान के तहत आम जनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे, आसूचना संकलित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करेंगे तथा टिओपी क्षेत्र के घरों में रहने वालों का सत्यापन और सर्वे करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिन अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान देते हुए अपने क्षेत्र में दिवा,संध्या,रात्रि गश्ती, अवैध शराब एवं खनन कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों,जुआ खेले जाने वाले स्थानों,जुआरियों के गिरफ्तारी में सहयोग एवं वारंट,कुर्की का निष्पादन भी करेंगे।

## होटल विकास इन, रेस्टोरेंट व विकास मार्ट का भव्य शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।शहर के कचहरी रोड स्थित अंचल कार्यालय के समीप होटल विकास इन, विकास मार्ट व विकास रेस्टोरेंट का शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली व उनकी पत्नी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद झारखण्ड विकास पार्टी के नेता विकास दुबे ने संजुक्त रुप से फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विकास दुबे ने कहा की गढ़वा में लगातार एक से बड़कर एक होटल रेस्टोरेंट विभिन्न तरह के इलेक्ट्रिक दुकान की शुरूआत हो रहा है। लेकिन होटल विकास इन, विकास रेस्टोरेंट व विकास मार्ट की शुरूआत होने से यहां के लोगो को काफी सहूलियत होगी। एक छत के नीचे होने से लोग अपनी पसंद की खाना व घरेलू उपकरण की सामग्री खरीद पाएंगे। उन्होंने कहा की विकास कुमार माली सुरु से ही गरीबों के हित में कार्य करते आए है। इन्होंने अब तक 14 हजार से अधिक बहनों की डोली सजाने का काम किया है। उन्होंने कहा की इस तरह के होटल रेस्टोरेंट खुलने से गढ़वा जिला में लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है। पहले हम जिला वासी को कुछ सामग्री व रेस्टोरेंट में जाने के लिए बाहर के शहरो मे जमा पढ़ता था। लेकिन अब गढ़वा जिला में ही सभी समुचित व्यवस्था हो गई है। इधर विकास कुमार माली ने कहा की होटल रेस्टोरेंट, ओर मार्ट में शहर से सभी जगह से सस्ता उचित और विश्वासी ग्राहकों को उपलब्ध कराया जायेगा। जिससे लोग को बाजार से हमारे यहां पहुंचने पर पैसा का बचत हो। उन्होंने कहा की इसके बाद बोकारो में भी इसी तरह का शुरूआत होने वाला है। इस अवसर पर मिरल प्रमुख दीपमाला, अर्जुन माली, हसीब, राजेश सिंह, बॉबी माली, आकाश दीप, अजय सोनी आदि लोग उपस्थित थे।

# बुनकरों के उत्थान एवं विकास के लिए सात बिंदुओं पर सुझाव

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।गया जिला के प्रभारी मंत्री से बुनकर संघ और व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शिष्टमंडल ने अतिथि कक्ष में बिहार सरकार के लघु उधोग मंत्री से मिलकर एक सात सुत्री ज्ञापन दिया गया है। गया जिला अंतर्गत मिनी मैनचेस्टर सह इंजीनियरिंग के गांव के नाम से मानपुर पटवा टोली सूती वस्त्र उत्पादन घरेलू कुटीर उद्योग के उत्थान व विकास के लिए सुझावों को क्रिया वनीत हेतु निवेदन के उपरोक्त विषय के संदर्भ में निवेदन पूर्वक कहना है कि बुनकर समुदाय के विकास एवं उत्थान के लिए निम्न सुझावों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर अग्रता करवाई किया जाना बुनकर हित में अति आवश्यक है ।गया जिला अंतर्गत मिनी मैनचेस्टर के नाम से विख्यात बुनकर नगरी मानपुर पटवा टोली के सूती वस्त्र उत्पादन घरेलू कुटीर उद्योग के उत्थान व विकास के लिए अतिरिक्त औद्योगिक परिषद टेक्सटाइल पार्क छोटे-छोटे 200 उद्यमी के लिए 15 एकड़ भूमि की अतिरिक्त उद्योग स्थापना के लिए आधारभूत संरचना बाउंड्री रोड नाला बिजली पानी उद्योगिक थाना सुरक्षा अति आवश्यक है। जिला के औद्योगिक हब मानपुर पटवा टोली की सूती वस्त्र उत्पादन उद्योग में उपयोग होने वाला कच्चा माल सूती धागा के उत्पादन के लिए ओपन एंड स्पिनिंग मिल का स्थापना औद्योगिक विकास के लिए अति आवश्यक है ।जिला के हस्तकरधा का विकास के लिए हथकरघा विकास निगम के शाखा की स्थापना अति आवश्यक है। जिला में पावर लूम के विकास के लिए पावर लूम सर्विस सेंटर की स्थापना की आवश्यकता है ।जिला में बड़े पैमाने पर बुनकर कामगार के लिए चिकित्सा सुविधा के लिए सुपर बुनकर हॉस्पिटल का निर्माण की अति आवश्यकता है गया नगर निगम के अंतर्गत वार्ड 47 ,48,49 मैं शहरी स्वास्थ्य केंद्र नहीं है स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हो,मानपुर पटवा टोली में डाइंग हाउस की स्थापना एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लान की आवश्यकता है ।गया जिला में स्थापित पावर लूम 11000 एवं हैंडलूम पार्टी लूम एवं पीट कउम मिलकर 1000 के आसपास है कोई योजना धरातल पर नहीं है। प्रभारी मंत्री से अनुरोध है किया कि गया जिला के बुनकर समुदाय के उत्थान व विकास के सुझावों को क्रिया वनीत कराया जाना बुनकर हित में अति आवश्यक है। बुनकरों का शिष्ट मंडल में दुखन पटवा जिला संयोजक भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ, प्रकाश पटवा अध्यक्ष व्यवसाय उद्योग प्रकोष्ठ गया, मेघनाथ पटवा अध्यक्ष मानपुर व्यवसाय उद्योग जदयू, गौतम आर्य जिला सचिव जेडीयू गया, तनोज कानू जिला उपाध्यक्ष व्यवसाय उद्योग प्रकोष्ठ गया।

## बिहार में उद्योग के मामले में गया जिला अव्वल रहेगा : उद्योग मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।बिहार सरकार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा गया आगमन पर गया परिसदन में भव्य स्वागत किया गया स्वागत के बाद गया परिसदन में एनडीए दलों के साथ बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू के द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रेम प्रकाश ने मंत्री को स्वागत करते हुए कहा गया जिला में आपके प्रभारी मंत्री बनने से पूरे जिला वासियों का खुशी का लहर है आपके द्वारा उद्योग विभाग का जो डोभी में उद्योग नगर बनाया जा रहा है उसे बिहार स्तर का बने एवं पर्यटक के क्षेत्र में गया बोधगया सहित को बढ़ावा मिले इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे गया जिला का प्रभारी मंत्री बनाया गया है मैं इस बैठक में आप सब को अस्वस्थ करते हैं कि कि पूरे बिहार में उद्योग के मामले में गया जिला अव्वल रहेगा एवं पर्यटक को बढ़ाने के लिए विष्णुपद मंदिर एवं बोधगया में पर्यटकों के लिए विशेष कार्य योजना बनाया जा रहा है जल्दी इस योजना का घोषणा किया जाएगा समय-समय पर गया जिला के भाजपा नेताओं के साथ-साथ एनडीए नेताओं के साथ-साथ गया।

जिला के विकास के लिए लगातार बैठक करते रहेंगे और सुझाव लेते रहेंगे उपरोक्त सुझाव को कार्यकताओं का आवाज बनकर अधिकारियों के समक्ष रखूंगा और इसका निष्पादन भी करूंगा।आज के बैठक में लोजपा जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, जदयू प्रकाश पटवा,श्रीकांत भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, ,जिला महामंत्री रंजन कुमार सिंह प जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, धीरज रौनीयार,आई टी सेल संयोजक रंजीत सिंह,महेश शर्मा,जैनेंद्र कुमार,,संजीत सिंह,पुरुषोत्तम कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# डीएम ने की राजस्व मामलों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। समाहर्ता-सह-जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह द्वारा राजस्व मामलों की समीक्षा की गई। उन्होंने ई-म्यूटेशन, परिमार्जन, भू-अर्जन, भूमि विवाद निराकरण, अतिक्रमण हटाने, नापीवाद, सीमांकन सहित विभिन्न मामलों में अद्यतन प्रगति का जायजा लिया। सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदंडों पर खराब प्रदर्शन करने वाले 15 अंचल अधिकारियों (खुशरूपुर, मसौढ़ी, दानापुर, बाढ़, नौबतपुर, फतुहा, दनियावां एवं मनेर को छोड़कर) का वेतन अगले आदेश तक अवरूद्ध करते हुए उन सभी से स्पष्टीकरण किया गया है। इन मानकों में वादों के निष्पादन की गति, समय-सीमा पार आवेदनों की संख्या, सबसे पुराने मामलों का निष्पादन इत्यादि है। जिलाधिकारी ने कहा कि समय-सीमा पार आवेदनों की संख्या जब तक शून्य नहीं हो जाती तब तक इन अधिकारियों का वेतन स्थगित रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अंचलाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय की कार्य संस्कृति सुदृढ़ करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है। इसके बाद कोई मौका नहीं दिया जाएगा। शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता का मामला प्रकाश में आने पर विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए प्रपत्र-क गठित किया जाएगा तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी अंचल में दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन का निर्धारित समय-सीमा के बाद एक भी आवेदन लंबित नहीं रहनी चाहिए। एक महीना के अंदर एक्सपायर्ड आवेदनों की संख्या हर हाल में शून्य कर लें अन्यथा लापरवाह अंचलाधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन-जिन अंचलों में दाखिल-खारिज के बहुत अधिक मामले 63 दिनों से अधिक समय से लंबित है वहाँ जिला-स्तर से टीम बनाकर जाँच करायी जाएगी। अपर समाहर्ता को इस संबंध में आदेश प्रारूप उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने निदेश देते हुए कहा कि हर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक अंचल का निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें। कर्मचारीवार विस्तृत समीक्षा करें।

भूमि सुधार उप समाहर्ताओं एवं अंचल अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व प्रशासन कोर कार्य है। आप सभी को इसी भावना से काम करना चाहिए। फिर भी ऐसा संज्ञान में आता है कि आम लोगों को काफी असुविधा हो रही है। लोगों को काफी शिकायतें हैं। यह अच्छी बात नहीं है। सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन में शिथिलता के विरूद्ध जिला प्रशासन की शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) है। उन्होंने कहा कि आज की तिथि में दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की संख्या 76,373 है जिसमें 29,844 आवेदन 21 दिन से अधिक तथा 37,094 आवेदन 63 दिनों से अधिक समय से लंबित है। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत एक सप्ताह में पटना जिला में निष्पादित किए गए वादों की नेट संख्या लगभग 2,500 है। यह प्रशंसनीय है। इस एक सप्ताह में 5,262 आवेदनों को निष्पादित किया गया जबकि 2,750 आवेदन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि खुशरूपुर, मसौढ़ी, दानापुर, बाढ़, नौबतपुर, फतुहा, दनियावां एवं मनेर में वादों के निष्पादन की गति अच्छी है। हम उनके प्रयास की सराहना करते हैं। शेष अंचलों में वादों की प्राप्ति की तुलना में निष्पादन की गति अच्छी नहीं है। एक्सपायर्ड आवेदन की संख्या भी काफी अधिक है। यह खेदजनक है। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले दिनों समीक्षा में पाया गया था कि लगभग 174 से अधिक मामले अतिक्रमणवाद संधारित करने के लिए विभिन्न अंचलों में लंबित है।

## अभिनंदन समारोह में जिले से 1000 समर्पित सक्रिय कार्यकर्ता भाग लेंगे : जिलाअध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता



गया। हिंदुस्तानी आता मोर्चा (से०) पार्टी की गया जिला इकाई की बैठक गोदावरी स्थित जिला प्रधान कार्यालय में आगामी 20 जुलाई 2024 को कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में आयोजित होने वाले अभिनंदन सह सम्मान समारोह एवं 24 जुलाई को पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजन को लेकर पार्टी के गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी के अध्यक्षता में संपन्न हुई है । इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्र सिंह एवं प्रभारी रितेश कुमार शर्मा और चुन्नू शर्मा उपस्थित हुए हैं। इस बैठक में पार्टी के सभी पदाधिकारी जिला के प्रखंड अध्यक्ष एवं दर्जनों समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं। जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने कहा जीतन राम मांझी की नेतृत्व में हम पार्टी लगातार गरीबों की आवाज बन रही है उसी का परिणाम है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गया से गरीबों के नेता जन जन के नेता जितन राम मांझी अपार मतों से निर्वाचित हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे केंद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में पद ग्रहण किया गया है। जिला संगठन सह प्रभारी रितेश शर्मा उर्फ चुन्नू शर्मा ने कहा हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए यह गर्व की बात है कि पार्टी जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार मांझी के नेतृत्व में आठ साल के अंतराल में केंद्र सरकार की केंद्रीय मंत्रिमंडल एवं राज्य सरकार की मंत्रिमंडल में जगह बनाकर मजबूत उपस्थिति दर्ज करने में सफल हुई है ।हम पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने कहा 20 जुलाई को कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित होने वाले अभिनंदन सम्मान समारोह में अपने नेता के सम्मान में स्वागत में अभिनंदन में पूरे गया जिले से 1000 समर्पित सक्रिय कार्यकर्ता भाग लेंगे ।इस बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता नंदलाल मांझी, शंकर मांझी, प्रदेश सचिव छोटू कुशवाहा, अनिल यादव, रामसनेही मांझी, पंकज सिंह ,राजेश कुमार ,रूबी देवी, पार्वती देवी, धर्मेंद्र मांझी, राकेश कुमार ,सुमंत भारती, सुरेंद्र मांझी ,गोपाल सिंह, विजय कुमार, मुकेश चौधरी ,इंद्रजीत मांझी ,जोगिंदर भारती, रामप्रीत भारती, दीक्षा मांझी, गौरी शंकर यादव ,बालेश्वर यादव ,आदि दर्जनों पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं का रहेगा पुख्ता इंतजाम: मंगल पांडेय

पटना। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सचिवालय सभागार में श्रावणी मेला को लेकर विभाग द्वारा 8 जिलों (यथा- बांका, भागलपुर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, जमुई, लखीसराय और सारण) के सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रावणी मेला में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित करना था। बैठक में श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता और उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

श्री पाण्डेय ने कहा कि श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, आपातकालीन सुविधाओं, एम्बुलेंस सेवाओं, दवा की उपलब्धता, साफ-सफाई और अन्य स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। सभी सिविल सर्जनों को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य शिविर में कम से कम 90 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध होनी चाहिए। जिसमें समान्य दवाएं और इमरजेंसी दवाएं उपलब्ध हों। सभी शिविर में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, मॉस्क और सैनिटाइजर की व्यवस्था हो। साथ-साथ सभी शिविर में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए भी निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि श्रावणी मेले के दौरान कुल 9 जिलों में शिविरों की संख्या 110 होगी। वहीं इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से आलसा एंबुलेंस की संख्या 34 एवं बालसा एंबुलेंसों की संख्या 49 निर्धारित की गयी है। इस दौरान प्रतिरक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चत रहेगी। श्रद्धालुओं को कठिनाई न हो इसलिए 95 शौचालय बनाए गए हैं।

## पशु शेड निर्माण के लिए मिलता है 1लाख 60 हजार अनुदान

प्रात : किरण संवाददाता

करपी (अरवल)। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर एवं करपी प्रखंडो में पशु पालकों को पशु शेड बनाने के लिए सरकार ने 1 लाख 60 हजार रुपए अनुदान के रूप में दिया जाता है। इससे सैकड़ो पशु पालक किसानों को लाभ मिला है। पशु पालकों ने बताया कि सरकार की स्कीम के अनुसार अपने निजी जमीन में पशु शेड से सरकारी योजना के अनुसार बनाया। जिसका मोनेटरिंग पंचायत के रोजगार सेवक ने किया। पशु शेड बनाने के बाद पैसा के लिए भटकते रहे। इस सम्बंध में रोजगार सेवक ने बताया कि पशु शेड बनाने के बाद मजदूरी के पैसा जॉब कार्ड धारी के खाता पर करीब 30 हजार रुपए जाता है । वही बाकी पैसा भेंडर जो ईट,बालू,सीमेंट, समेत निर्माण सामग्री आपूर्ति किया उसको चेक के माध्यम से पैसा दी जाती है। वही पशु शेड बनाने वाले लाभुकों वेंडर को खोजते फिरते है। बताया जा रहा है कि कई ऐसे लोग है जो वेंडर का लाइसेंस लेके शिर्फ पेपर बेचते हैं। गिट्टी बालू सीमेंट का पेपर बेच कर ही मोटी कमाई करने में प्रखंड के अधिकारियों की मिलीभगत से भेंडर जुटे है। और सारा खेल यहीं खेला जाता है ऐसी सेटिंग्स अधिकारियों और कर्मचारियों ने वेंडर से की है कि लाभुकों को पता भी नही चलता और जी एस टी और प्रखंड से जिले के बाबुओं के नाम पर सारा पैसा काटकर महज चालीस से पचास हजार रुपए ही लाभुक को मिलता है सेटिंग्स इतनी तगडी है की शिकायत पर भी कोई सुनने वाला नही है। सुने भी क्यों हिसा तो सबको जाता है।

कमीशन नही देने वाले वेंडर पर राशि नही भेजी जाएगी उनकी भी मजबूरी है बाबुओं का कमीशन काटना। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि किसान को खुद के पैसे से निर्माण कराने को कहा जाता है लाभुक कही कही से निर्माण सामग्री अपने सुविधा अनुसार लाते है और निर्माण कराते है निर्माण के बाद पता चलता है कि वेंडर कुर्था के मोतीपुर का है जिसपर राशि गई है ।जबकि निर्माण वंशी प्रखंड के सोनभद्र में हुआ है। अब सवाल यह उठता है कि निर्माण स्थल से बीस तीस किलोमीटर दूर वेंडर किसकी सहमति से बनाया जाता है । जबकि इसकी भनक का निर्माणकर्ता को नही है ।ऐसे में सामग्री कैसे आई वहां से। इसी प्रकार लूट का ताना बाना बुन कर सरकार की इस लाभकारी योजना का मजाक बना कर रख दिया गया है। सरकार की इस पशु शेड योजना को पशु पालकों ने बहुत सराहा लेकिन निर्माण के बाद निर्माण सामग्री की राशी भुगतान का खेल देख माथा पिट लेते है। अब देखना है कि इस खेल को जिलाधिकारी कितनी गम्भीरता से लेते हुए इसपर लगाम लगाते हुए बिना दुकान के फर्जी वेंडर और अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर क्या कार्यवाई करती हैं।

# डीएम ने की शिक्षा विभाग की जिला-स्तरीय समीक्षा बैठक

पटना। जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। वे आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की जिला-स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे ।जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार के गंभीर एवं सतत प्रयासों से विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण में आमूल-चूल सुधार आया है। उन्होंने अधिकारियों को निदेश दिया कि विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों से नियमित संवाद स्थापित करें। उनसे फीडबैक लें। सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का सफल संचालन तथा योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी पदाधिकारियों का दायित्व है। शिक्षा विभाग के जिला में पदस्थापित सभी पदाधिकारी सरकार के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। विद्यालयों के संचालन में गुणात्मक परिवर्तन लाएँ। विद्यालयों में साफ-सफाई, शौचालय एवं शुद्ध पेयजल की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लेट-लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कर्मियों एवं शिक्षकों के साथ-साथ सभी अधिकारी भी समय से कार्यालय आएँ तथा कर्तव्य पर मुस्तैद रहें। डीएम द्वारा इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई कि पीएम पोषण योजना अंतर्गत जिले में कार्यरत कुल 9,623 रसोइयों का मानदेय भुगतान नियमित तौर पर किया जा रहा है। शत-प्रतिशत 2,978 विद्यालयों में पीएम पोषण योजना का संचालन किया जा रहा है। विद्यालयों में लाईब्रेरी तथा लेबोरेट्री फंक्शनल है तथा विद्यार्थियों को खेल-कूद की सामग्री उपलब्ध करायी गयी है।

## फ्लाईंग स्क्वायड्स द्वारा विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह के निदेश पर फ्लाईंग स्क्वायड्स द्वारा विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। जाँच में 04 चिकित्सक एवं 36 कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा सभी 40 अनुपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों का आज का वेतन अगले आदेश तक अवरूद्ध करते हुए सभी से शो-कॉज किया गया है। उन्होंने कहा कि स्पष्टीकरण का जवाब यदि संतोषजनक नहीं पाया जाएगा तो लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक तथा विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। जिला-स्तरीय धावा दल, जिसके सदस्य अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति), स्थापना उप समाहर्ता तथा जिला कल्याण पदाधिकारी हैं, द्वारा आज 10.20 बजे पूर्वाह्न सिविल सर्जन कार्यालय, 10.40 बजे पूर्वाह्न अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय तथा 11.00 बजे पूर्वाह्न उपाधीक्षक कार्यालय, अनुमंडलीय अस्पताल, गर्दनीबाग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल, गर्दनीबाग उपस्थित थे। सिविल सर्जन कार्यालय में 17 कर्मी तथा 04 डॉक्टर अनुपस्थित थे। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय में कोई भी कर्मी अनुपस्थित नहीं थे। उपाधीक्षक कार्यालय, अनुमंडलीय अस्पताल, गर्दनीबाग में भी कोई भी कर्मी अनुपस्थित नहीं थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी, सम्पतचक द्वारा आज विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्नातक सेमेस्टर 02 परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी

हवेली खड़गपुर(कोर्ट)। मुंगेर विश्वविद्यालय स्नातक सेमेस्टर -1 सत्र 2024-28 की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया एवं स्नातक सेमेस्टर 2 सत्र 2023-27 के परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान सोमवार को हरि सिंह महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के काफी भीड़ एवं उनकी कागजात संबंधित परेशानी को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कॉलेज परिसर में मौजूद रहकर छात्र-छात्राओं की मदद करते देखे गए साथ ही अन्य जानकारियां दे रहे थे।मौके पर मौजूद एबीवीपी के छात्र नेता सौरभ झा एवं राजीव कुमार ने बताया कि परिषद के कार्यकर्ता कॉलेज खुलते ही छात्र-छात्राओं की मदद के लिए कॉलेज परिसर में मौजूद रहते हैं जहां अनेको छात्र-छात्राओं का हम लोग मदद करते हैं। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी सत्यम कुमार निराला शुभम कुमार मोहित राज मोनी कुमारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गृहे गृहे गायत्री यज्ञ के निमित गुरु पूर्णिमा को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ कार्यक्रम के निमित समाजसेवी चंद्रशेखर सिंह उर्फ ललन बाबू के आवास पर तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ का कार्यक्रम क्रियान्वित किया गया। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट की आनुषंगिक इकाई श्री राम प्रज्ञा मंडल,श्री राम युवा मंडल एवं श्री राम महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यज्ञ की शुरूआत गुरु वंदना से की गई तत्पश्चात गायत्री माता के चित्र पर श्रद्धालुओं द्वारा विधिपूर्वक पूजा पाठ की गई।तीन पालियों में श्रद्धालुओं का हवन कराया गया। ट्रस्ट के सहायक ट्रस्टी नवनीत कुमार ने बताया कि आगामी 21 जुलाई को संस्था द्वारा गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा के दिन 12 घंटे का अखंड जाप किया जाएगा।संध्या में दीप यज्ञ एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। साथ ही साथ गुरु पूर्णिमा के दिन बृहद वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें वृक्षारोपण हेतु फलदार,जलदार एवं औषधीय वृक्षों का वितरण किया जाएगा।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में मुस्लिम समुदाय के लोग हुए शामिल

औरंगाबाद। शहर के जामा मस्जिद के परिसर के पास भगवान जगन्नाथ के जयकारे मुस्लिम समुदाय के पैगाम इंसानियत मुस्लिम समुदाय के द्वारा लगाए। श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पानी मिठाइयां (शरबत) की सेवा की गई।साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को भी खींचा। ऐतिहासिक शहर औरंगाबाद में सोमवर को भ्रमण पर निकले भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धार्मिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की गवाह शहर की जमा मस्जिद परिसर गवाह बनी। रथयात्रा में हिंदु, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ऐतिहासिक गांधी मैदान से नगर थाना रोड, धर्मशाला मोड होते हुए जमा मस्जिद के समीप पहुंचते ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रथयात्रा का जोरदार स्वागत किया। श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश यहां भगवान जगन्नाथ को फलों का प्रसाद भेंट किया।पैगाम में ए इंसानियत के जिलाध्यक्ष समाजसेवी सल्लू खान ने बताया कि ये काफी मुबारक दिन है। औरंगाबाद शहर अमन का शहर है यह सभी समुदाय के लोग मिलकर रहते हैं और एक दूसरे का सहयोग करते हैं या आपसी भाईचारा का कार्यक्रम है आज मोहर्रम की आठवीं तारीख है दोनों त्योहार एक साथ मनाई जा रहे हैं। आपकी भाईचारे के बीच सल्लू खान ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हर साल रथयात्रा का हिस्सा बनते आए हैं।

### युवक की मौत के बाद मुआवजे की मांग को लेकर धरना

वैशाली।थाना क्षेत्र के भगवानपुररत्ती पंचायत के सद्दोपुर गांव मे एक युवक की आंध्रप्रदेश मे संदेहहस्पड़ स्थिति मे मौत हो गई।परिजन शव को गांव लाकर मुआवजे की मांग करने लगे।.प्राप्त जानकारी के अनुसार झारी राय का 16 वर्षीय एकलौता पुत्र मृतक नीरज कुमार को उसके पड़ोसी अली हुसैन करीब एक माह पूर्व आंध्र प्रदेश टायर की दुकान मे मजदूरी कराने के लिए ले गया.दस हजार रुपय प्रति महीने मजदूरी देने की बात कही थी मृतक की माँ ललिता देवी ने बताया की विगत आठ जुलाई को सुबह मे पुत्र से उसकी बात हुई थी आठ जुलाई के शाम से ही बात होना बंद हो गया था.थक हारकर अली हुसैन के भाई मोहमद शमशेर से बात हुआ तो बोला की तुम्हारा बेटा लड़की के चक्कर मे भाग गया है जल्दी से शादी कर दो आदि तरह तरह का अफवाह फैलाने लगा.इसकें दो दिन बाद विगत 10 जुलाई को अली हुसैन ने फोन पर बताया की तुम्हारा बेटा फांसी लगाकर सुसाइट कर लिया है।घटना की सूचना मिलते ही मृतक का चचेरा भाई रंजीत कुमार एवं पिता आंधप्रदेश के लिए रवाना हो गया।

# डॉक्टर के मनमाना फीस पर अंकुश लगाने को लेकर राजद के प्रतिनिधि मंडल ने आयुक्त को सौप ज्ञापन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर (बिहार)। जिले में स्वास्थ्य विभाग के छत्रछाया में संचालित नर्सिंग होम सभी प्रकार के जांच केंद्र सरकारी डॉक्टरों द्वारा निजी क्लीनिक खोलकर मनमाना फ्री गरीबों से वसूलने शिक्षा विभाग के छत्रछाया में सक्रिय प्राइवेट स्कूलों एवं कोचिंग संस्थानों के के प्रबंधक द्वारा मनमानी फीस वसूली करने पर रोक लगाने को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रीय जनता दल के एक प्रतिनिधिमंडल आयुक्त मुंगेर के अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव अरविंद कुमार से मिलकर आयुक्त मुंगेर प्रमंडल के नाम से ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में राजद प्रतिनिधियों ने कहा है कि जिले के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नर्सिंग होम, सभी प्रकार के जांच केंद्र एवं सरकारी डॉक्टरों द्वारा मनमाना शुल्क सहित शिक्षा विभाग के तहत संचालित प्राइवेट स्कूलों, कोचिंग संस्थाओं के शिक्षकों द्वारा मनमाना ट्यूशन फीस वसूली किया जाता है इस से गरीब छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल में जिला राजद मुंगेर के पूर्व अध्यक्ष देवकीनंदन सिंह, वरिष्ठ नेता नरेश सिंह यादव, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक रजक,जमालपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कौसर फैयाज शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल में शामिल नेताओं ने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन के जिले में संचालित सारे स्वास्थ्य केंद्रों, शिक्षा केंद्रों पर कार्रवाई किया जाना उचित होगा। इन सभी संस्थाओं के प्रधान के मनमानी पर अंकुश लगाते हुए उसे शीघ्र बंद करने का सरकारी आदेश दिया जाना चाहिए। नेता द्वय ने कहा कि संबंधित संस्थान सरकारी आदेश का जरिया उड़ते हुए बिना निबंध का जांच लैबोरेट्री और शिक्षक कोचिंग संस्थान निजी विद्यालय संचालित हो रहा है। समाज द्वारा डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया गया है पर आज वही डॉक्टर गरीब रोगियों को भी छोड़ने को तैयार नहीं है। प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में मेधावी गरीब छात्रों के लिए 25% सीट आरक्षित है पर सरकार के इन आदेशों का उल्लंघन करते हुए प्राइवेट स्कूल के संचालक मोटी रकम लेकर सामान्य छात्रों का नामांकन कर लेते हैं।

राजद नेताओं ने आयुक्त के सचिव से कहा की पूर्व में भी हम लोगों ने जिलाधिकारी मुंगेर को ज्ञापन देकर इन समस्याओं से अवगत कराया था। किंतु इस पर किसी प्रकार का कोई पहल नहीं किया गया है। 15 दिनों के अंदर प्रशासन द्वारा इन अवैध स्वास्थ्य केंद्रों के साथ शिक्षण संस्थाओं व सरकारी अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों द्वारा ली जाने वाली फीस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो बाध्य होकर राजद सड़क से सदन तक इन मुद्दों पर संघर्ष करेगी।

## दोहरे हत्याकांड में मुंगेर पुलिस हाथ पैर मर रही है लेकिन हत्यारे अभी तक पुलिस गिरफ्तार से बाहर

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुफस्सिल थाना अंतर्गत बांक मोड़ के समीप हुए दोहरे हत्या मामले में घटना के 32 घंटा बाद भी एक तरफ जहां पुलिस अपनी हाथ पहुंच चला कर हाथ खाली है पुलिस की वहीं इस संबंध में प्राथमिक की तक दर्ज नहीं हो पाई है ना ही पुलिस अपराधियों का पता लगा पाई है पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने का प्रयास करने में लगी है सीसीटीवी फुटेज के अनुसार स्पष्ट है की बाइक सवार दो अपराधियों ने दोनों मर्डर घटना को अंजाम दिया चलते बने बता दें कि कार सवार शास्त्री नगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर मनजीत मंडल और उसके ड्राइवर चंदन मंडल की बाइक सवार दो अपराधियों ने अंधाधुंध गोली मारकर हत्या कर दी। सीसी फुटेज सोशल मीडिया पर रविवार को तेजी से वायरल हुआ घटना के समय सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर रविवार को तेजी से वायरल हुआ जिसमें बाइक सवार दो अपराधी कार सवार को गोली चलते दिख रहे हैं जिसमें एक अपराधी का चेहरा कपड़े से ढका है जबकि दूसरे अपराधी का चेहरा धुंधला दिख रहा है। सीसी फुटेज के अनुसार संगीता होटल की बाहर कार आकर रूकती है होटल का स्टाफ कार सवार से पैसे लेकर कुछ सामान लाने वापस दुकान पर जाता है कि इसी बीच अपराधियों ने गोली अंधाधुन चला दी।

अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कहा की पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है मुफस्सिल थाना अध्यक्ष का प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि परिजन द्वारा सोमवार शाम तक प्राथमिक की दर्ज करने के लिए आवेदन नहीं दिया गया है पुलिस सीसी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस हत्यारे की पहचान करने में जुटी है कुछ साक्षी भी मिले जबकि मनजीत और चंदन का परिवार दहशत में हत्या के बाद मनजीत मंडल और चंदन का परिवार दहशत में है दशरथ का आलम यह है की घटना की 32 घंटे बाद भी दोनों मृतक में से किसी के परिजन प्राथमिक की तरह तक दर्ज नहीं कराए हैं परिजनों को आशंका है कि जो इस घटना की प्राथमिक की कराएगा।

## गायत्री महाविद्या जन कल्याणकारी है : सच्चिदानंद

प्रात: किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। तारापुर प्रखंड के लौना गांव में गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य शोभा सिंह के आवास पर हवेली खड़गपुर असरगंज संग्रामपुर तारापुर प्रखंड के गायत्री परिवार के कार्यकताओं की गोष्ठी सार्थक निष्कर्ष के साथ संपन्न हुआ। गौरतलब है कि गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सह उप जोन समन्वयक सच्चिदानंद तिवारी ने कहा कि गायत्री महाविद्या जन कल्याणकारी है ,और मिशन कार्यकर्ता को इसे सर्व सुलभ एवं उपास्य योग्य बनाने के दिशा में क्रियाशील होना चाहिए। आगे बताया कि भारतीय संस्कृति में गायत्री माता और यज्ञ पिता है। उप जोन प्रतिनिधि मनोज मिश्रा ने गुरु के प्रति समर्पण और सेवा के क्षण को अनमोल बताते हुए नई पीढ़ी को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए मिशन के कन्या किशोर कौशल और आओ गढे संस्कारवान पीढ़ी आंदोलन का विस्तार पूर्वक उल्लेख कर लोगों को जानकारी दिया। जिला प्रतिनिधि डॉक्टर अरुण पंडित ने गुरु महिमा व माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष और अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। जिला उप प्रतिनिधि सुमित कुमार मौसम ने कहा कि गुरु सानिध्य में सत्संग को आत्मसात करना चाहिए। जिला युवा प्रतिनिधि संजीव कुमार ने शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन पर समाज में रचनात्मक कार्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मिशन में युवा पीढ़ी को सप्त आंदोलन कार्यक्रम में सहयोग करना चाहिए। स्वास्थ्य आंदोलन ,जन्मदिन संस्कार ,विवाह संस्कार ,साधना ,आराधना, संयम और सेवा को आम लोगों के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए । गृह गायत्री महायज्ञ के संयोजक शोभा सिंह ने घर-घर गायत्री माता एवं यज्ञ पिता को स्थापित योजनाओं पर प्रकाश डाला । इस मौके पर हवेली खड़गपुर के विद्या चरण सिंह संग्रामपुर के डॉक्टर ब्रह्मदेव केसरी असरगंज के मुन्नी गुप्ता तारापुर के युवा प्रतिनिधि शंकर सुमन युवा मंडल के प्रतिनिधि मनीष एवं शिक्षक राजेश ने युवा उत्कर्ष कार्यक्रम का उल्लेख किया। इस अवसर पर गोपाल प्रसाद यादव रानी गुप्ता श्रवण मिस्त्री आदित्य दर्जनों गायत्री परिजन उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने को लेकर जिला प्रशासन ने की पूर्ण तैयारी

प्रात: किरण ब्यूरो

मुंगेर (बिहार)। मुहर्रम को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त निखिल धनराज, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सहित पहलाम एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार है। इसको लेकर आज शाम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा जो मुंगेर और जमालपुर शहर का भ्रमण करेगी। इसके अलावा दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सहित सुरक्षा बलों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। ताजिया जुलूस दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की निगरानी में निकाला जाएगा, साथ ही पूरे जुलूस की निगरानी कैमरे से भी की जायेगी। जिलाधिकारी ने आम जन सहित सभी समुदाय के लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने तथा आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने सभी शांति समिति एवं ताजिया जुलूस समिति सदस्यों से कहा कि जुलूस को बिल्कुल शांतिपूर्ण माहौल में निकालें तथा भाईचारे के साथ पहलाम कराएं। शांति एवं भाईचारे के साथ सभी जुलूस निकालने वालों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग है। सभी थाना स्तर पर भी शांति समिति की बैठक करा ली गई है। पर्याप्त मात्रा में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

## बीरगंज मेयर राजेशमान सिंह ने काशी विश्वनाथ मंदिर में किया दर्शन

रक्सौल। बीरगंज महानगरपालिका के मेयर राजेशमान सिंह व कार्यकारी प्रमुख मातृका भट्टराई अपने वार्ड प्रमुखो के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन व जलाभिषेक किया। नेपाल के बीरगंज की जनता के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। माँ गंगा को भी आरती की। इसी क्रम मे नेपाली मूल के छात्रो से मिलने नेपाली संस्कृत महाविद्यालय पहुंचे, जहाँ नेपाल के भिन्न-भिन्न प्रांतो के छात्र मिले जो वेद, व्याकरण इत्यादि का अध्ययन कर रहें हैं, विद्यालय पहुंचने पर वहाँ के छात्रों ने वेद मंत्रो के उच्चारण व माल्यार्पण कर स्वागत किया। छात्रों का कुशल क्षेम पूछते समय अपनी नेपाली मातृ भाषा मे संवाद करते नजर आए। वीरगंज के मेयर इसी क्रम मे वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी के यहाँ अपने प्रतिनिधि मण्डल के साथ पहुंच कर रुद्राक्ष, अंगवस्त्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किए। महापौर वाराणसी ने भी सभी अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र भेंट कर किया दोनों महानगरपालिका के सांस्कृतिक, सामाजिक सम्बन्धो को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुआ। पशुपतिनाथ व काशी विश्वनाथ को जोड़ने के लिए कारिडोर पे चर्चा हुई।

## डिफरियेंशीएटेड टीबी केयर पर स्टेट टीओटी का हुआ आयोजन

### जिला संचारी रोग पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, एनटीइपी काउंसिलर एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर ने की शिरकत



पटना। आज सोमवार को पटना स्थित एक निजी होटल में डिफरियेंशीएटेड टीबी केयर पर राज्यस्तरीय टीओटी का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ रेनू सिंह, अपर निदेशक, टीबीडीसी, सेंट्रल टी बी डिवीजन, नई दिल्ली से सोफिया, डॉ ऋषि कपूर नोडल ऑफिसर डिफ्रेंसिएटेड टी बी केयर बिहार, डॉ रवि शंकर, चिकित्सा पदाधिकारी, टीबीडीसी, पटना द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला में राज्य अस्तरिए अधिकारियो ने संयुक्त रूप से किए टीबी मरीजों का 11 फिजिकल व पांच लैब टेस्ट का विन्दुवार जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को16 जांच करके कैसे टीवी मरीजों को मृत्यु से बचाने का गुर बताया गया। इस दौरान चाई संस्था से डॉ प्रणति, डॉ सिद्धार्थ, अमर प्रभाकर, रुद्राँशी ,एवं आशुतोष कुमार, ने बारिकी से तकनीकी पहलुओं से प्रतिभागियों का परिचय कराया। कार्यशाला में अपने संबोधन में डॉ। रेनू सिंह ने कहा कि डिफरियेंशीएटेड टीबी केयर का उद्देश्य टीबी से होने वाली मृत्यु पर लगाम लगाना है और इसके लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने की जरुरत है।

**19 जिलों के अधिकारी एवं कर्मी हुए शामिलः** दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में सोमवार को प्रथम बैच में राज्य के 19 जिलों अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगुसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, गया, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज एवं लखीसराय के अधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे। कल दुसरे बैच में शेष जिलों के अधिकारी एवं कर्मियों का उन्मुखीकरण किया जायेगा।

इस दौरान डा। सिद्धार्थ एवं डॉ रवि शंकर ने टीबी मरीजों का 11 फिजिकल व 5 लैब टेस्ट करने का विन्दुवार जानकारी दिया गया। राज्य के प्रत्येक जिला के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सभी अतिरिक्त प्राथमिक केंद्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर डिफरियेंशीएटेड टीबी केयर का कार्यक्रम चलेगा। टीवी मरीजों को उसके रिस्क के आधार पर सही इलाज, सही समय पर प्रदान किया जाए एवं जरूरत पड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में भर्ती करके उचित इलाज किया जाए, ताकि उनकी जान बचाई जा सके। कार्यशाला में बताया गया कि पिछले डेढ साल से राज्य मुजफ़्फ़पुर जिला के तीन ब्लॉक में डिफरियेंटेड टीवी केयर पायलट के रूप में किया जा रहा था और अब यह पुरे राज्य में किया जायेगा। इस अवसर पर टीबीडीसी पटना से बुशरा अजीम, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ उमेश त्रिपाठी, डॉ मेजर अवकाश सिन्हा, डॉ सनेह निधी, संजय चौहान एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## सेवादार कल्याण समिति ने संरक्षक पद से त्रिलोक सिंह को किया मुक्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में कार्यरत ग्रंथी, रागी, सेवादार, सेवादारनी व कर्मचारियों के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सेवादार कल्याण समिति का गठन किया गया था। फिलहाल समिति दो भागों में बंटी हुई दिख रही है। वर्तमान कमेटी के पदाधिकारी का पिछले कुछ माह से लगातार वर्तमान समिति के पदाधिकारी के खिलाफ विवादित बयान दिया जा रहा था। स्थिति तब विकट हो गई, जब सेवादार कल्याण समिति के संरक्षक त्रिलोक सिंह निषाद ने परिसर से हट कर शिव मंदिर परिसर में रविवार को बैठक किया। सोशल मीडिया, विभिन्न अखबार और अन्य माध्यमों से खबर भी प्रकाशित हुई। इसके बाद सेवादार कल्याण समिति के पदाधिकारीगण सक्रिय हुए। पदाधिकारी की बैठक सोमवार को समिति के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह बंटी की अध्यक्षता में हुई। इसमें उनके अलावा वरीय उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, मिथिलेश सिंह, महासचिव अजायब सिंह, सचिव अवधेश सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह के अलावा पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह, बबलू कुमार, देवेंद्र सिंह आदि शामिल हुए। बैठक में कहा गया कि 14 जुलाई को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें त्रिलोक सिंह निषाद को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि करीब सौ सेवादारों का दस्तखत आप सब करा दें, ताकि अगली बैठक में वर्तमान सेवादार कल्याण समिति तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब को भंग कर दिया जाएगा। आपके इस बयान का समिति घोर निंदा करती है। आपकी जानकारी के लिए बताना जरूरी है कि समिति के अध्यक्ष का चुनाव सभी सेवादारों के द्वारा बहुमत से किया जाता है और अध्यक्ष के द्वारा ही समिति के संरक्षक और सदस्यों की नियुक्ति की जाती है। समिति का कार्यकाल तीन साल के लिए होता है। आपको सेवादार समाज कल्याण समिति भंग करने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही आपको कोई भी बयान देने से पहले समिति के समक्ष अपना पक्ष रखना चाहिए था। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि समिति के खिलाफ आपके द्वारा दिए गए बयान को समिति के प्रति गलत मंशा को दर्शाता है। इसलिए आपको उपरोक्त दोष में सेवादार समाज कल्याण समिति के संरक्षक पद से मुक्त किया जाता है। समिति सभी सेवादारों के हित के लिए हमेशा तत्पर है और आगे भी रहेगी। इसकी सूचना तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव को भी दी गई है।

## जमुई जिले के सोनो स्थित करमटीया के जंगल में सोने का भंडार

प्रात :किरण संवाददाता



जमुई। जमुई जिले के सोनो प्रखंड छेत्र अंतर्गत करमटीया जंगल में वैज्ञानिकों द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में देश का सबसे बड़ा सोने की भंडार होने की बात कही गई है । वहीं अब बांका जिले के कटोरिया इलाके में जमीन के अंदर छिपे स्वर्ण भंडार की जांच का सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है । बिहार प्रदेश के इन दो जिलों में देश का 44 प्रतिशत स्वर्ण भंडार होने के बाद अब बिहार को विशेष राज्य का दर्जे की कोई जरुरत ही नहीं है । यदि इन दोनों जिलों की भुमि के अंदर छिपी स्वर्ण भंडार की खुदाई का कार्य शुभारंभ कर दिया जाय तो बिहार सबसे बड़े राज्यों की गिनती में होगी , साथ ही बिहार मालामाल होंगे । सोनो प्रखंड इलाके के लोग करमटीया जंगल की भुमि में छिपी सोने को निकाले जाने का इंतजार कर रहा है । क्योंकि अगर करमटीया के गर्भ में से अति अत्याधुनिक वैज्ञानिकी तकनीक से भंडारित सोने को निकाला जाएगा तो सिर्फ जमुई ही नहीं बल्कि बिहार सहित पुरे देश प्रदेश को फायदा होगा । बताते चलें कि सोनो के करमटीया जंगल में जिओलॉजीकल सर्वे ऑफ इंडिया के द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के बाद देश का सबसे बड़ा सोने की भंडार होने की बात सामने आई थी । सर्वे के अनुसार सोनो में तकरीबन 222 मिलियन टन सोने का भंडार बताया गया है । केंद्रीय खान मंत्री प्रहलाद जोशी के द्वारा लोकसभा में इस भंडारण की बात रखी गई थी कि बिहार के पास सोने की भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा है । वहीं अब जमुई के बाद बांका जिले में भी स्वर्ण भंडार को लेकर सर्वे का कार्य शुरू होने के बाद लोगों को इस बात की उम्मीद हे कि अब नई तकनीक के साथ स्वर्णो की खुदाई होगी और बिहार मालामाल होंगे । लिहाजा बिहार को विशेष राज्य के दर्जे का कोई जरुरत नहीं है ।

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए झाझा होकर गुजरेगी तीन श्रावणी मेला स्पेशल गाड़ी

प्रात :किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पटना एवं गया से मधुपर तथा जयनगर से आसनसोल के लिए एक एक जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। जानकारी देते हुए रेलवे हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि गाड़ी संख्या 03266 पटना मधुपर श्रावणी मेला स्पेशल 21 जूलाई से 20 अगस्त तक प्रतिदिन पटना से 23:10 बजे खुलकर अगले दिन 4:10 बजे जसीडीह रूकते हुए 4:50 बजे मधुपर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03265 मधुपुर पटना श्रावणी मेला स्पेशल 22 जूलाई से 21 अगस्त तक प्रतिदिन मधुपुर से 5 बजे खुलकर 5:45 बजे जसीडीह रूकते हुए 12 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। यह गाड़ी दोनो दिशाओं में मोकामा, किउल, झाझा, जसीडीह रूकेगी। गाड़ी संख्या 03653 गया मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल गाड़ी 21 जूलाई से 20 अगस्त तक प्रतिदिन गया से 17:00 बजे खुलकर उसी दिन 23:05 बजे जसीडीह रूकते हुए 23:20 बजे मधुपुर पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी संख्या 03654 मधुपुर गया श्रावणी मेला स्पेशल 22 जूलाई से 21 अगस्त तक प्रतिदिन मधुपुर से 01:00 बजे खुलकर 01:30 बजे जसीडीह रूकते हुए उसी दिन 10:25 बजे गया पहुंचेगी। यह गाड़ी नवादा, किउल, झाझा और जसीडीह रूकेगी। वही दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, मुंगेंर, किउल झाझा जसीडीह होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 05597 जयनगर आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल गाड़ी 23 जूलाई से 20 अगस्त तक सप्ताह के मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को जयनगर से 22:00 बजे खुलकर अगले दिन 9:10 बजे जसीडीह रूकते हुए 11:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। वापसी मे गाड़ी संख्या 05598 आसनसोल जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल गाड़ी 24 जूलाई से 21 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार, शनिवार एवं सोमवार को आसनसोल से 13:00 बजे खुलकर 14:32 बजे जसीडीह रूकते हुए अगले दिन 4:20 बजे जयनगर पहुंचेगी।

## नया कानून आज की जरूरतः भीखूभाई दलसानिया

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। विगत 1 जुलाई, 2024 से अधिसूचित किये गए भारतीय साक्ष्य सहिंता अधिनियम, भारतीय नागरिक सहिंता अधिनियम व भारतीय न्याय सहिंता अधिनियम से जुड़े नए कानूनों को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा एक सेमिनार का आयोजन भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया। सेमिनार का विषय था- दंड सहिंता बनाम न्याय सहिंता। इस मौके पर भाजपा के संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया ने कहा कि कार्यक्रम में विस्तार के दौरान 33 फीसदी नए कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम आजाद हो गए 1947 में, लेकिन अपना तंत्र काम नहीं कर रहा था, इसलिए नए कानूनों की जरूरत थी। किसी समय में भारत को विश्व गुरु माना जाता था। सोने की चिड़िया माना जाता था। यहाँ कुछ था, तभी तो बाहर से लोग आए, नहीं रहता तो क्यों आते। लेकिन दुर्भाग्य ये रहा कि आजादी मिलने के बाद भी यहाँ के शासकों का दृष्टि और मन पर प्रभाव हमेशा पश्चिम का रहा। हमारे यहां तो शास्त्रों में यह भी कहा गया है कि जो अच्छा है उसे प्राप्त करनी चाहिए। जो कल्याणकारी है, पूरे विश्व से लेनी चाहिए। बिहार स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने कहा कि उक्त मामले में बिल लाने से पूर्व सभी संबंधित लोगों से राय ली गई। अंग्रेज जो कानून लाये थे वो था टू रूल इंडिया जबकि अभी का कानून आया है टू रन इंडिया। भारत सरकार के पटना हाई कोर्ट में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के एन सिंह ने भारत की परंपरा का अनुसरण करने पर बल दिया। कार्यक्रम को भाजपा एम एल सी अनिल शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विन्धयाचल राय ने करते हुए कार्यक्रम को जिला स्तर तक बढ़ाने की बात कही। प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री रत्नेश कुमार, हरेंद्र प्रसाद सिंह, टी एन ठाकुर, संजय राम, कृष्ण मुरारी प्रसाद, कौटिल्य कुमार, मनोज कुमार सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार कर्ण ने किया।

## पौधा रोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित करना आवश्यक : निदेशक

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान शेखपुरा के प्रांगण में सोमवार को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत परिसर के प्रांगण में संस्थान की निदेशक डॉक्टर पूनम रमण के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के 30 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर डॉ पूनम रमण ने कहा कि आज पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक हो गया है। इसी के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पर मां के नाम कार्यक्रम के तहत उनके संस्थान में 30 अलग-अलग किस्म के पौधे लगाए गए हैं जिससे पर्यावरण संरक्षित और सुरक्षित होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता नम्रता नंदन ने कहा कि पौधे हमारे भविष्य होते हैं और इसके माध्यम से हम अपनी भविष्य को संरक्षित कर सकते हैं। इसलिए उन्होंने आम लोगों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करें और पर्यावरण मित्र बनकर देश में नाम कमाएं। पौधारोपण कार्यक्रम में डॉ ज्योति अग्रवाल, प्रोफेसर विजय कुमार, डॉ अवध अग्रवाल, लायंस क्लब के जिलापाल प्रदीप खेतान, मृदुला कुमारी, पद्मीनी प्रसाद, एके नाग ,रीना सिंह , एके भास्कर, प्रतिमा शर्मा आशुतोष कुमार सिन्हा एवं सरिता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भाग लिया।

